प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



मोदी सरकार के 12 साल, जश्न होगा धूम से पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

पेज- 8 अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल

वर्ष : 15 अंक : 166 | रविवार 07 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

# कांग्रेस का पीएम मोदी पर तीखा वार

## कहा- हर वर्ग को तबाह कर रहे हैं पीएम, आखिर कैसा भारत बनाना चाहते हैं?

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने पीएम मोदी पर शनिवार केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने देश के मौजूदा हालातों पर गहरी चिंता जताते हुए कांग्रेस ने सवाल उठाया कि भाजपा सरकार की नीतियों का समाज के विभिन्न हिस्सों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स (एक्स) पर राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का एक पुराना वीडियो साझा करते हुए लिखा कि नरेंद्र मोदी देश के हर वर्ग को तबाह कर रहे हैं। सवाल यह है कि वे आखिर किस तरह का भारत बनाना चाहते हैं? साझा किए गए वीडियो में मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर देश के बुनियादी सिद्धांतों को नजरअंदाज करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने



कहा कि देश में समानता, भाईचारा और न्याय जैसे संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी की जा रही है। टैक्सपेयर्स (करदाताओं) के पैसे का इस्तेमाल सरकारी योजनाओं के बड़े–बड़े विज्ञापनों और प्रचार के लिए किया जा रहा है, जिससे जनता को कुछ समय के लिए गुमराह किया जा सकता है। सरकार ने महिलाओं, किसानों, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, वंचितों और छात्रों के अधिकारों को चोट पहुंचाई है, जिससे आज समाज का हर वर्ग गुस्से में है। दूसरी तरफ लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मई महीने में 10 दिनों के भीतर ईंधन (थ्नमस) की कीमतों में हुई लगातार चार बढ़ोतरी को लेकर सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चुपके से आम जनता की जेबें काट रही है। राहुल गांधी ने एक्स (एक्स) पर पीएम मोदी को इंफ्लेशन मैन मोदी (महंगाई वाले मोदी) का नाम देते हुए लिखा कि चुनावों के दौरान तेल की कीमतों को नियंत्रण में रखा गया था, लेकिन चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल–डीजल के दाम किस्तों में 8 तक बढ़ा दिए गए। यह बढ़ोतरी आगे भी जारी रहेगी। इंफ्लेशन मैन मोदी का केवल यही काम है। चुनाव में बड़े–बड़े वादे करना और बाकी समय जनता की जेब पर हमला करना। विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, रुपये के उतार–चढ़ाव और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते तेल कंपनियों पर दबाव है। हालांकि, पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के लगातार बढ़ते दामों से माल ढुलाई और ट्रांसपोर्टेशन का खर्च बढ़ेगा, जिसका सीधा असर आने वाले दिनों में खुदरा महंगाई और आम आदमी के घरेलू बजट पर पड़ना तय है।

# एमएलसी प्रत्याशी बनने पर बोले पवन सिंह, भाजपा मेरी मां है और मैं आजीवन रहूंगा पार्टी का सच्चा सेवक

(एजेंसी) पटना। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को आगामी बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है।



शनिवार को वह पटना स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने बिहार भाजपा चीफ संजय सरावगी से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भी मुलाकात की। संजय सरावगी से मुलाकात के बाद पवन सिंह ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा मेरी मां है और मैं भाजपा का सच्चा सेवक हूं। आजीवन ऐसा ही रहूंगा। अपनी मां से कोई दूर नहीं रह सकता। विधान परिषद उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए पवन सिंह ने कहा कि मैं पीएम मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, बिहार भाजपा चीफ संजय सरावगी और सीएम सम्राट चौधरी का आभार जताना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी दी है। पवन सिंह ने स्पष्ट कहा कि वे केवल सेवा करना चाहते हैं और पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पार्टी परिवार तथा बिहार की जनता की सेवा में जुटे रहेंगे। पटना में एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए पवन सिंह ने कहा कि मैं अपने बिहार की जनता को दिल से नमन करता हूं और वादा करता हूं कि मुझे सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। यह मेरा वादा है। 5 जून को आगामी बिहार विधान परिषद चुनावों के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। इसमें चार उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है, जिसमें भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह को शामिल करने से काफी राजनीतिक चर्चा हो रही है। इन नामों की घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से जारी एक आधिकारिक बयान के जरिए की गई। पवन सिंह का नामांकन भाजपा की घोषणा का सबसे अहम पहलू माना जा रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में पवन सिंह ने भाजपा उम्मीदवारों के लिए जमकर प्रचार किया था। सिंगर और अभिनेता पवन सिंह ने पीएम मोदी और तत्कालीन सीएम नीतीश कुमार को लेकर एक गीत भी गाया था, जो बिहार विधानसभा चुनाव और परिणाम के दौरान खूब वायरल हुआ था। पवन सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार की दोबारा वापसी कराने के लिए कड़ी मेहनत की थी, जिसका परिणाम यह है कि उन्हें अब भाजपा ने आगामी बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है।

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच पीएम मोदी ने ईएसी- के साथ की बैठक, भारत की आर्थिक मजबूती पर की चर्चा

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी–पीएम) की बैठक की अध्यक्षता की। अधिकारियों के अनुसार, बैठक में देश की आर्थिक विकास गति को बनाए रखने, अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा पश्चिम एशिया संकट के बीच उभरती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में ऐसे समय में आर्थिक विकास को और तेज करने की रणनीतियों पर विचार–विमर्श किया गया, जब दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और कमजोर मांग जैसी चुनौतियों का सामना कर रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी और आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों ने कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत की विकास दर को बनाए रखने और व्यापक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी नीतिगत कदमों पर अपने विचार साझा किए। बैठक में लोगों के जीवन को आसान बनाने और कारोबार करने में सहूलियत बढ़ाने से जुड़े सुधारों पर भी चर्चा हुई। विचार–विमर्श का केंद्र शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना, अनुपालन संबंधी बोझ को कम करना और निवेश तथा उद्यमिता के लिए बेहतर माहौल तैयार करना रहा। बैठक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभावों को लेकर रहा। परिषद के सदस्यों ने भारत और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित असर पर चर्चा की। चर्चा के दौरान ऊर्जा बाजारों, व्यापार मार्गों और व्यापक आर्थिक स्थिरता से जुड़ी चिंताओं की समीक्षा की गई, क्योंकि क्षेत्र में लंबे समय से जारी तनाव वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा रहा है। यह महत्वपूर्ण बैठक ऐसे समय हुई है जब बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं और भू–राजनीतिक तनावों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025–26 की जनवरी–मार्च तिमाही (चौथी तिमाही) में भारत की जीडीपी वृद्धि दर मजबूत 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि पूरे वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही। यह प्रदर्शन मुख्य रूप से कृषि, निर्माण और सेवा क्षेत्रों की मजबूत वृद्धि के कारण संभव हुआ। भारत अपनी



ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में सरकार पश्चिम एशिया की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है, क्योंकि लंबे समय तक अस्थिरता बने रहने से कच्चे तेल की कीमतों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रवाह पर असर पड़ सकता है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद में अर्थशास्त्री और नीति विशेषज्ञ शामिल हैं, जो आर्थिक और विकास संबंधी मुद्दों पर स्वतंत्र सुझाव देते हैं तथा सरकार को दीर्घकालिक विकास प्राथमिकताओं और उभरते आर्थिक रुझानों पर सलाह प्रदान करते हैं।

## नॉर्वे शतरंज 2026 के किंग बने प्रज्ञानंद, ऐतिहासिक खिताबी जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब जीतने के लिए भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद रमेशबाबू को बधाई दी है। पीएम मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रज्ञानंद को बधाई देते हुए कहा है कि यह वास्तव में एक अद्भुत उपलब्धि है जो उनके लगातार बेहतरीन प्रदर्शन को दिखाती है। पीएम मोदी ने भविष्य के प्रयासों के लिए भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा ,इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रज्ञानानंद को बधाई! यह वाकई एक अद्भुत उपलब्धि है जो उनके लगातार बेहतरीन प्रदर्शन को दिखाती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने आखिरी दौर में जीत हासिल कर नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने अंतिम और 10वें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को क्लासिकल प्रारूप में हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

## सीबीएसई ऑन-स्क्रीन मार्किंग पर बवाल, जयराम रमेश बोले- 2025 में ही उजार हो गई थी साइबर सुरक्षा की खामियां

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर शनिवार को दावा किया कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पद पर बने रहना सत्ता की उनकी निर्लज्ज लालसा को दर्शता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मंत्री प्रधान एक समझौतावादी मंत्रालय चलाने वाले एक अहंकारी और अक्षम व्यक्ति के रूप में बेनकाब हुए हैं। रमेश ने एक अंग्रेजी दैनिक की खबर का हवाला देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, शिक्षा मंत्रालय के राज तेजी से एक के बाद एक सामने आते जा रहे हैं। आज, हमें पता चला कि कोएम्पट (कॉन्ट्रेक्टर) ने निविदा की साइबर सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सीबीएसई को दो साइबर सुरक्षा प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए। अब खबर है कि ये दोनों प्रमाणपत्र दूसरे ग्राहकों से जुड़े हुए थे। उनमें से एक की समय सीमा समाप्त हो गई थी और दूसरे का एक अस्थायी आवेदन के रूप में ऑडिट किया गया था। उन्होंने दावा किया कि सीबीएसई ने इस धोखे को उजागर करने के बजाए कोएम्पट को बढ़ी हुई दरों पर ठेका दे दिया। उनका कहना है, जैसा कि अब हम जानते हैं, जेन–जी एथिकल हैकर्स ने फरवरी 2025 में ही साइबर सुरक्षा में गंभीर खामियों को उजागर कर दिया था, जिसे सीबीएसई ने तब तक नकारा जब तक कि वह ऐसा करने में असमर्थ नहीं हो गया। रमेश ने कहा, अगर प्रधान के मंत्रालय ने सीबीएसई परीक्षाओं, ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को सही से आगे बढ़ाने में अधिक ईमानदारी दिखाई होती, तो हम इस बुरी स्थिति से बच सकते थे जिसने लाखों छात्रों और उनके परिवारों को तनाव में डाल दिया है। मंत्री प्रधान का पद पर बने रहना केवल सत्ता के लिए उनकी बेशर्म इच्छा को दर्शाता है। वह पूरी तरह से समझौतावादी मंत्रालय चलाने वाले एक अहंकारी और अक्षम व्यक्ति के रूप में बेनकाब हो गए हैं।

# किसी ने उत्सव के रंग में भंग डाला तो वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा : मुख्यमंत्री योगी

(एजेंसी) गोण्डा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि अब वह नहीं होगा, जो 2017 के पहले होता था। 2015–16 में दुर्गा पूजा में गोंडा में दंगे की चेष्टा की गई थी। तब मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन नहीं होने दिया जाता था। रामलीला में अड़चन डाली जाती थी। त्योहार व उत्सव से पहले उपद्रव शुरू हो जाते थे। 2017 से पहले सत्ता में बैठे लोग दंगाइयों व पेशेवर गुंडों के सामने नतमस्तक होते थे। प्रदेश में महीनों कर्फ्यू रहता था। लेकिन, अब किसी ने उत्सव के रंग में भंग डाला तो उसका वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोंडा के कटरा विधानसभा क्षेत्र में 256 करोड़ रुपये व करनैलगंज में 260 करोड़ रुपये (कुल 516 करोड़ रुपये) की 262 परियोजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन भी किया। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि असुरक्षा के वातावरण में निवेश नहीं होता। 2017 से पहले राज्य में पहचान का संकट, नौजवान बेहाल, किसान परेशान, बहन–बेटियां असुरक्षित थीं। जब विकास के पिछले पायदान में हमारी गिनती होती थी तो सम्मान भी नहीं मिलता था। अब सभी 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 826 विकास खंडों, 762 नगर निकायों, लगभग 14 हजार वार्डों, 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों को बिना रोक–टोक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा के युवा ऊर्जावान, किसान परिश्रमी, बहन–बेटियां प्रतिभाशाली हैं। कारीगरों व हस्तशिल्पियों ने अपने हुनर की छाप देश–दुनिया तक पहुंचाने में कोई कोताही नहीं की। गोंडा ने स्वाधीनता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई, लेकिन आजादी के बाद यहां जो अपेक्षित विकास होना चाहिए था, वह तुष्टिकरण, अराजकता, भाई–भतीजावाद, जातिवाद की भेंट चढ़ गया और इसका खामियाजा जनपद को भुगतना पड़ा। गोंडा विकास के अभाव में पिछड़ता गया। सीएम योगी ने कहा कि एक समय ऐसा भी आ गया, जब अन्य जनपदों की भांति ही गोंडा के नौजवानों के सामने भी पहचान का संकट हो गया। प्रदेश में नौकरी–रोजगार नहीं था। नौजवान जब बाहर जाते थे तो अन्य प्रदेशों के लोग 10 कदम की दूरी बना लेते थे। शंका भरी निगाहों से देखते थे। 12 वर्ष में पीएम मोदी व 9 वर्ष में डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का परिणाम है कि अब यूपी का नाम आते ही सामने वाले का चेहरा खिल जाता है और वह आपको गले लगाने को उतावला दिखता है। सीएम योगी ने कहा कि अब बाहर वाले मित्रवत व्यवहार करते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि भगवान राम की असीम कृपा प्राप्त करनी है तो अयोध्या के बगल वाले जनपद गोंडा वालों से मैत्री करो। अब यूपी के नौजवानों को सरकारी नौकरी मिल रही है। यूपी पुलिस की 60,244 भर्तियों में गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर के नौजवानों को भी नौकरी मिली। नियुक्ति पत्र देने से पहले मैं सूची देखता हूं तो खुशी होती है कि गोंडा का नौजवान भी बिना भेदभाव सरकारी नौकरी पाता है। उन्होंने कहा कि अब निवेश केवल नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ में नहीं हो रहा, बल्कि गोंडा में भी निवेश होने से स्थानीय नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। अभी मंच पर 20 लाभार्थियों को अलग–अलग योजनाओं का लाभ मिला। अब चेहरा नहीं देखा जाता, बल्कि हर जाति, मत–संप्रदाय के पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिल रहा है। मोदी जी के 'सबका साथ–सबका विकास' विजन के तहत सरकार बिना भेदभाव घर–घर तक विकास योजनाएं पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की ताकत है कि अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हो गया। गोंडा वालों ने तो राम मंदिर आंदोलन को अपनी आंखों से देखा है। 40 साल से ऊपर की पीढ़ी ने आंदोलन में



भाग लिया और तत्कालीन सरकारों के अत्याचारों को झेला। तब राम का नाम लेने पर प्रतिबंध था, डंडे व गोलियां चलती थीं। रामभक्त अपने प्रभु राम की अयोध्या में नहीं जा सकते थे। अब अयोध्या में रामभक्त ही जा सकते हैं, रामद्रोही नहीं। पूर्वज भी आशीर्वाद दे रहे हैं कि वर्तमान पीढ़ी कितनी धन्य है, जिसने राम मंदिर का निर्माण देखा। बुजुर्गों के आंखों में खुशियों के आंसू हैं तो पूर्वजों की आत्मा संतुष्ट है। सीएम योगी ने कहा कि बिना भेदभाव पात्रों को गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। गोंडा में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय आदि का सपना साकार हो रहा है। हमारी सरकार ने सांसद–विधायकों के हर प्रस्ताव को स्वीकृत किया। जब आपने कमल का बटन दबाया तो विकास कार्यों, गरीब कल्याणकारी कार्यों, विरासत के सम्मान, नौकरी, निवेश के जरिए रोजगार संभव हो पा रहा है। मां लक्ष्मी का आशीर्वाद हुआ तो यूपी पर धन की वर्षा हो रही है। सीएम ने मतदाताओं से कहा कि अच्छे लोगों को चुनेंगे तो अच्छे परिणाम आएंगे। गलत लोगों को चुनने पर खामियाजा भुगतना पड़ता है। 2017 के पहले विकास एक गांव तक ही सीमित था। लेकिन, डबल इंजन सरकार बनी तो हमने कहा कि मेडिकल कॉलेज सिर्फ सैफई नहीं, गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या, बस्ती, सिद्धार्थनगर, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर में भी बनेगा। अब ऐसा कोई भी जिला नहीं है, जहां मेडिकल कॉलेज– इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं है। हर जनपद में विकास हो रहा है। सीएम ने हमने तय किया है कि दो विधानसभा क्षेत्रों का लगातार दौरा, कार्यों की समीक्षा, योजनाओं का लोकार्पण– शिलान्यास कर जनता को अहसास कराएंगे कि आपने अच्छे लोगों को सांसद–विधायक चुना है। विकास सभी का हो रहा है, लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं। सीएम ने बताया कि 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से 21 जून (विश्व योग दिवस) तक अनवरत कार्यक्रम चलेंगे। पीएम मोदी के 12 साल के सफलतम कार्यकाल व उपलब्धियों को लेकर सरकार अनेक कार्यक्रम करेगी। हर विकास खंड स्तर पर स्वास्थ्य, कृषि, लोन मेला आदि लगेगा। जनप्रतिनिधि मिलकर इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे, आमजन भी इससे जुड़ें। सीएम ने कहा कि आधुनिक उत्तर प्रदेश के आधुनिक गोंडा के रूप में जनपद को नई पहचान दिलाएंगे। 2017 में गोंडा देश के सबसे गंदे शहर के रूप में था, लेकिन आज गोंडा सबसे स्वच्छ शहरों में पहचान बना रहा है। गलत सरकार चुनते हैं तो गलत कार्य होता है और परिणाम भी गलत आता है। गोंडा अब अस्वच्छ नहीं, बल्कि विकास की रफ्तार में नई पहचान के साथ बढ़ रहा है।

# सम्पादकीय

## ममता के पास कोई चारा नहीं

### अब इंडिया गठबंधन शरणम गच्छामि

दिल्ली के बंग भवन में 22 मई को बागी टीएमसी विधायक ऋतब्रत बनर्जी और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के बीच हुई एक इत्तेफाकन मुलाकात से जो सिलसिला शुरू हुआ था वह बीते बुधवार को तब खत्म हुआ जब 58 विधायकों के गुट ने पार्टी पर अपना नियंत्रण जमा लिया। मै नफीस जाफरी आपको यह बता



नफीस जाफरी

दूं कि ऋतब्रत नेता चुने गए और विधानसभा अध्यक्ष से मान्यता भी हासिल कर ली। 4 मई को विधानसभा चुनावों में भाजपा के हाथों मिली हार के तुरंत बाद पार्टी के कुछ हिस्सों में बेचैनी उभरने लगी। कुछ विधायकों को ऐसा लगा कि पार्टी प्रमुख के भतीजे अभिषेक बनर्जी के हाथों में सत्ता का ज्यादा से ज्यादा केंद्रीकरण होता जा रहा है। 6 मई को नए चुने गए विधायकों की बैठक हुई। कहा जाता है कि इस बैठक में ममता बनर्जी ने कथित तौर पर नए चुने गए विधायकों से अभिषेक की वाहवाही करने को कहा हालांकि इसका मकसद उनके योगदान को पहचान देना था, लेकिन इस कदम से विधायकों के एक तबके में फुसफुसाहट शुरू हो गई, उन्हें लगा कि पार्टी अब ज्यादा से ज्यादा एक ही परिवार के इर्द–गिर्द घूम रही है। विरोध के पहले सार्वजनिक संकेत 19 मई को सामने आए। एक अन्य बैठक में ऋतब्रत बनर्जी और एंटाली के विधायक संदीपान साहा ने सवाल उठाया कि फाल्टा के विधायक खान को चुनाव से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की सार्वजनिक घोषणा के बावजूद पार्टी से क्यों नहीं निकाला गया? चूंकि जहांगीर को अभिषेक का करीबी माना जाता था। इसलिए इस आलोचना को व्यापक रूप से टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के लिए एक सीधी चुनौती के तौर पर देखा गया। वरिष्ठ विधायक कुणाल घोष ने भी इसी तरह की चिंताएं ज़ाहिर कीं, हालांकि बाद में उन्होंने खुद को बागी खेमे से अलग कर लिया। अब जहां तक ममता बनर्जी का सवाल है तो मालूम हो कि बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के आग्रह पर इंडिया गठबंधन की बैठक 8 जून को होने की संभावना है, जिसमें उनके साथ अभिषेक बनर्जी के भी शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि, अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि ममता बनर्जी को इस समय इंडिया गठबंधन की जरूरत क्यों पड़ रही है। जबकि अब तक उनके इस गठबंधन के साथ रिश्ते काफी उतार–चढ़ाव वाले रहे हैं। दरअसल, सत्ता से बाहर होने के बाद ममता बनर्जी अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में उनकी पार्टी कमजोर पड़ती दिख रही है, जहां उनके 80 में से 58 विधायक अलग गुट बनाकर खुद को असली तृणमूल कांग्रेस बता चुके हैं और विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उन्हें मान्यता भी मिल चुकी है। ऐसे में भापजा के खिलाफ मुकाबला करने के लिए ममता बनर्जी को राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन की आवश्यकता महसूस हो रही है, जो उन्हें इंडिया गठबंधन से मिल सकता है। ममता बनर्जी इस राजनीतिक अलगाव के दौर में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के समर्थन की भी जरूरत महसूस कर रही हैं। पार्टी के भीतर यह माना जा रहा है कि बंगाल में भाजपा द्वारा जिस तरह उन्हें किनारे किया गया है, उसके बीच दिल्ली आकर विपक्षी नेताओं से मुलाकात करना उनके और उनकी पार्टी के मनोबल को मजबूत करेगा। इससे राज्य में उनके खिलाफ बन रहे नकारात्मक माहौल से लड़ने में भी मदद मिल सकती है। इसके अलावा, दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होकर ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर सुर्खियों में आ सकती हैं, जिसकी उन्हें इस समय बेहद जरूरत है। गौरतलब है कि इससे पहले इंडिया गठबंधन की बैठक पिछले साल जुलाई में वर्चुअल माध्यम से हुई थी, जबकि अगस्त में राहुल गांधी के डिनर मीटिंग के दौरान भी बैठक हुई थी। इन दोनों बैठकों में अभिषेक बनर्जी ही शामिल हुए थे और अगस्त की बैठक में उन्होंने और राहुल गांधी ने एसआईआर को लेकर अपनी–अपनी रिपोर्ट भी पेश की थी. हालांकि, इस बार ममता बनर्जी खुद दिल्ली आकर बैठक में हिस्सा लेने जा रही हैं, जिसे राजनीतिक तौर पर काफी अहम माना जा रहा है।

# मोदी सरकार के 12 साल, जश्न होगा धूम से



गुलफिशा खान

भाजपा मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशव्यापी कार्यक्रम करने जा रही है। एक तरह से जिसकी शुरूआत हो चुकी है। 21 जून 2026 तक देश भर में विभिन्न जनसंपर्क, सेवा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 7 जून 2026 यानी आज मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने रहे हैं, जिसे बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण केश के रूप में मनाया जाएगा। पार्टी ने इन वर्षों को गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान, किसानों के हित, महिला सशक्तिकरण और समग्र विकास के .ष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 8 से 12 जून तक मीडिया संवाद आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और पार्टी नेता सरकार की उपलब्धियों और विकास यात्राओं को जनता के सामने प्रस्तुत करेंगे। जैसा कि उल्लेखनीय है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार रविवार यानी आज 12 साल पूरे करने जा रही है। इस मौके को खास बनाने के लिए भाजपा ने देश भर में जनसंपर्क अभियान चलाने का फैसला किया है. इसी के तहत पिछले बारह साल की उपलब्धियों का लेखा–जोखा पांच बुकलेट के माध्यम से पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इन बुकलेट को अलग–अलग श्रेणियों में बांटा गया है। ताकि महत्वपूर्ण विषयों पर मोदी सरकार की उपलब्धियों को एक साथ समेटा जा सके। उदाहरण के तौर पर राष्ट्र प्रथम नाम की बुकलेट में पिछले 12 वर्ष में किए गए उन बड़े फैसलों का उल्लेख होगा, जहां मोदी सरकार ने देश हितों को सर्वोपरि रखते हुए कदम उठाए। इसी तरह राष्ट्र निर्माण बुकलेट में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उठाए गए कदमों का सिलसिलेवार ढंग से विवरण दिया जाएगा। राष्ट्र सशक्तिकरण में भारत की सैन्य शक्ति के प्रदर्शन, ऑपरेशन सिंदूर



और सर्जिकल स्ट्राइक आदि का उल्लेख किया जाएगा। 5 जून से शुरू हुए यह सारे कार्यक्रम 21 जून 2026 तक देश भर में विभिन्न जनसंपर्क, सेवा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी इसे ष्बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण केष के रूप में मनाने जा रही है। पार्टी ने इन वर्षों को गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान, किसानों के हित, महिला सशक्तिकरण और समग्र विकास के .ष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 8 से 12 जून तक मीडिया संवाद आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और पार्टी नेता सरकार की उपलब्धियों और विकास यात्राओं को जनता के सामने प्रस्तुत करेंगे. इसी दौरान इन बुकलेटों को जारी किया जाएगा। इसके अलावा 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि अपने–अपने क्षेत्रों में जाकर नागरिकों से संवाद करेंगे और विकास कार्यों की जानकारी देंगे। इस अभियान के तहत वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्राएं तथा "विकसित भारत संकल्प सम्मेलन" जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे. प्रत्येक जिले में कम से कम 500 महत्वपूर्ण व्यक्तियों से संपर्क साधने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि समाज के विभिन्न वर्गों तक सरकार की योजनाओं का संदेश पहुँचाया जा सके। 12 से 20 जून के बीच देशभर में जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे, जहां आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि, पीएम सूर्य घर सहित अन्य योजनाओं में पात्र लोगों का पंजीकरण कराया जाएगा. पार्टी संगठन को निर्देश दिया गया है कि वह लाभार्थियों को शिविरों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए। इसके अतिरिक्त प्रत्येक जिले में सभागार बैठकों, उपलब्धियों की प्रदर्शनी और प्रा. तिक खेती पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित करने की भी योजना है। पार्टी ने अभियान की सफलता के लिए प्रदेश और जिला स्तर पर विशेष टीमों के गठन, कार्यशालाओं के आयोजन और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया है। साथ ही, कार्यक्रमों के दौरान पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा नेतृत्व का कहना है कि यह अभियान न केवल सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# खरगे की अध्यक्षता में आखि़री फेरबदल की कवायद शुरू



फरीद वारसी

यह सर्वविदित है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बीते दिनों राजस्थान दौरे पर थे, जिसमें खासकर वह पुष्कर के लिए आए थे। राहुल गांधी का यह दौरा में पार्टी संगठन को लेकर महत्वपूर्ण था, लेकिन पुष्कर में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक के दौरान एक ऐसा .श्य देखने को मिला जिसने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी ने अपने व्यवहार के जरिए राजस्थान कांग्रेस को कोई बड़ा संदेश देने की कोशिश की? इतना ही नहीं जब वह हेलीपैड से उतरे तो उनकी नेताओं से मुलाकात इसी संकेत की ओर इशारा की जो अब वायरल हो गया है। हेलीपैड पर उतरते ही राहुल गांधी ने राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं से हाथ मिलाते हुए राहुल गांधी ने उनकी खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने अंग्रेज़ी में कहा कि राजस्थान में कांग्रेस संगठन बेहतर तरीके से काम कर रहा है और डोटासरा तथा जूली मिलकर पार्टी को आगे बढ़ा रहे हैं। राहुल ने यहां तक कहा कि वे राजस्थान के इस मॉडल का उदाहरण दूसरे राज्यों को भी देते हैं और चाहते हैं कि हर प्रदेश में इसी तरह सामंजस्य के साथ काम हो। लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। राहुल गांधी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भी हाथ मिलाया, लेकिन इस दौरान उनकी नज़रें गहलोत से नहीं मिलीं। यह .श्य कैमरे में कैद हो गया और अब सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक इसकी चर्चा हो रही है। ऐसे में राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गांधी का यह संदेश केवल राजस्थान तक सीमित नहीं हो सकता। राजस्थान में लंबे समय तक सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच चली खींचतान ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। पहले सचिन पायलट ने खुलकर बगावती तेवर दिखाए, फिर अशोक गहलोत खेमे ने अपने तरीके से सत्ता और संगठन पर पकड़ बनाए रखी। इस अंदरूनी संघर्ष का असर चुनावी नतीजों पर भी दिखाई दिया। अतीत के कड़वे अनुभव को देखते हुए ऐसे में राहुल गांधी नहीं चाहते हैं कि इस बार राजस्थान चुनाव से पहले वहां किसी तरह की कोई गुटबाजी जन्म ले और जिसका नुकसान चुनाव में पार्टी को हो। ब्हरहाल,अब बात कांग्रेस में अखिल भारतीय स्तर पर होने वाले संभावित बदलाव की तो कर्नाटक में डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनते ही कांग्रेस नेतृत्व ने उनकी जगह बीके हरिप्रसाद को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कमान सौंप दी है। कर्नाटक के बाद अब कांग्रेस संगठन में देशव्यापी बड़े फेरबदल के आसार हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक जल्द आधा दर्जन से ज्यादा राज्यों के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष बदलने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर बीते हते राहुल गांधी की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ बैठक हो चुकी है। बतौर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के कार्यकाल का यह आखिरी बड़ा फेरबदल होगा। यहां यह बताते चलें कि कांग्रेस का फोकस उन राज्यों पर है जहां अगले साल की शुरूआत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। अगले साल की शुरुवात में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में चुनाव होने हैं। वहीं, अगले साल के आखिर में गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव होंगे। पंजाब को छोड़ सभी राज्यों में कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है। हिमाचल में कांग्रेस खुद सत्ता में है। अगर पंजाब की बात करें तो कांग्रेस आलाकमान पंजाब में प्रदेश अध्यक्ष बदलने पर विचार कर रहा है। भले ही पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल बार–बार दावा कर रहे हैं कि कोई बदलाव नहीं होगा लेकिन प्रदेश अध्यक्ष राजा बराड़ और विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा दोनों एक जाति (जट सिख) हैं। ऐसे में बदलाव करना पार्टी की मजबूरी है। अगले प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर विजय इंदर सिंगला का नाम सबसे आगे है जो राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के सह कोषाध्यक्ष हैं। सिंगला पंजाब में कांग्रेस का हिंदू चेहरा हैं। वहीं दलितों को साधने के नाम पर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं का एक बड़ा धड़ा पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद चरणजीत सिंह चन्नी की पैरवी कर रहा है। पंजाब में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का मुकाबला आम आदमी पार्टी सरकार से है, साथ



ही भाजपा, अकाली दल की भी चुनौती है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर योगी सरकार को हैट्रिक लगाने से रोकने की कवायद में है। यूपी कांग्रेस में बदलाव की दरकार इसलिए है क्योंकि प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा तीनों अगड़ी जाति से हैं। कांग्रेस की नजर राज्य के दलित वोटरों पर है. ऐसे में माना जा रहा है कि यूपी में कांग्रेस प्रभारी या प्रदेश अध्यक्ष में से किसी एक पद पर दलित नेता की नियुक्ति जरूर करेगी। हालांकि बगल के राज्य बिहार में चुनाव से ठीक पहले दलित प्रदेश अध्यक्ष बनाने का कांग्रेस का दांव नाकाम रहा था। चुनावी राज्य गोवा में कांग्रेस ने हाल में ही गिरीश चोडनकर को प्रदेश की कमान सौंपी है। गिरीश अब तक तमिलनाडु और पुडुचेरी के प्रभारी के पद पर थे। ऐसे में कांग्रेस को तमिलनाडु–पुडुचेरी में नया प्रभारी नियुक्त करना पड़ेगा। साथ ही सूत्रों के मुताबिक राज्य में नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति भी की जाएगी। जिन राज्यों में हाल में ही विधानसभा के चुनाव हुए हैं, उनमें तमिलनाडु, पुडुचेरी के अलावा केरल, असम और बंगाल के कांग्रेस संगठन में भी बदलाव होने हैं। केरल के प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ राज्य सरकार में मंत्री बन चुके हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्नीथला भी केरल की नई सरकार में मंत्री बनाए गए हैं। ऐसे में केरल कांग्रेस को नया अध्यक्ष और महाराष्ट्र कांग्रेस को नया प्रभारी मिलेगा। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद असम के प्रभारी जितेंद्र सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया है। बंगाल के प्रभारी गुलाम अहमद मीर को भी बदला जा सकता है। इससे पहले पिछले साल के अंत में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुई थी। सूत्रों के मुताबिक संगठन से जुड़े फेरबदल में कांग्रेस बिहार में भी बड़ा बदलाव करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, बदलाव वाली सूची में राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा का नाम भी शामिल है। दिल्ली के प्रभारी काजी निजामुद्दीन उत्तराखंड से विधायक हैं जहां चुनाव होने हैं। ऐसे में उन्हें भी अतिरिक्त जिम्मेदारी से पार्टी मुक्त कर सकती है। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट के बारे में माना जा रहा है इन्हें छत्तीसगढ़ की जगह किसी बड़े राज्य की जिम्मेदारी दी जा सकती है। वहीं अगले साल के अंत में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव होने हैं। मुकुल वासनिक को गुजरात की जगह किसी दूसरे राज्य की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। रजनी पाटिल की हिमाचल प्रदेश से छुट्टी हो सकती है। आंध्र प्रदेश के प्रभारी मणिकम टैगोर को भी नई जिम्मेदारी मिल सकती है। बहरहाल, कांग्रेस पार्टी में सबसे बड़ी दिलचस्पी बीते सात सालों से संगठन महासचिव के पद पर काबिज केसी वेणुगोपाल को लेकर है। सूत्रों का मानना है कि ज्यादातर विधायकों के समर्थन के बावजूद केरल में मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के बदले वेणुगोपाल को अभी इतनी जल्दी एक और झटका नहीं दिया जाएगा। दूसरी तरफ ढाई सालों से महासचिव प्रियंका गांधी के पास भी कोई सीधी जिम्मेदारी नहीं है. देखना होगा कि आने वाले फेरबदल में क्या प्रियंका गांधी को कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जाती है? कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर मल्लिकार्जुन खरगे के पहले कार्यकाल का यह आखिरी बड़ा फेरबदल होगा। खरगे का कार्यकाल अगले साल के अंत में खत्म होना है। सूत्रों के मुताबिक प्रस्तावित फेरबदल अगले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

# आयुक्त ने गेहूं केन्द्र का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। आयुक्त चित्रकूटधाम संभाग बांदा द्वारा तहसील कुलपहाड़ के जैतपुर संघ स्थित पीसीएफ के गेहूं क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी उपस्थित मिले। साथ ही निरीक्षण के समय तहसीलदार कुलपहाड़, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता एवं



सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता, विकास खण्ड, जैतपुर उपस्थित रहे। आयुक्त द्वारा नियमानुसार .षकों से गेहूं की खरीद करने, त्वरित गति से भारतीय खाद्य निगम में डिलीवरी कराने व सभी किसानों का 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने हेतु निर्देशित किया गया। आयुक्त द्वारा .षकों के लिए पानी की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था एवं केन्द्र पर साफ–सफाई के संबंध में भी सभी को निर्देशित किया गया। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा आयुक्त को अवगत कराया गया है कि जनपद में अभी तक 6570 .षकों से 30932.72 मी0टन की खरीद की गयी है, जो जनपद की गतवर्ष की कुल खरीद 18869.80 मी0टन से 160 प्रतिशत से भी अधिक है तथा रविवारीय अवकाशों में भी केन्द्रों को खोलकर किसानों की तौल करायी जा रही है। आयुक्त द्वारा किसानों को तौल में किसी प्रकार की कठिनाई न होने हेतु निर्देशित किया गया।

# ऐसी हत्याओं पर हम कैसा व्यवहार करें

अवधेश कुमार

राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र के सूर्य चौहान की हत्या ने फिर देश को डराया है। बकरीद के दिन खोड़ा के नवनीत विहार में असद ने सूर्य चौहान के जिस तरह पेट में चाकू घोंपकर, घुमाकर हत्या की, उसमें सामान्य अपराध ा का भाव था ही नहीं। आप सोचिए, हत्यारे असद ने सूर्य से हत्या से पहले पूछा कि कभी बकरे को हलाल होते देखा है? यह किस तरह का प्रश्न है? उसने चाकू घोंपा और उसके पेट में घुमाया। यानी उसे चाकू घुमाने से सामने वाला जीवित नहीं बच सकेगा, इसकी पूरी जानकारी थी या फिर उसका प्रशिक्षण था। असद बाद में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। अगर वह जिंदा होता तो उसके बयान से हमें फिर उसी सोच की जानकारी मिलती जो हमने उदयपुर के कन्हैयालाल दर्जी से लेकर कोल्हापुर के उमेश कोल्हे और इसी वर्ष राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर में तरुण बुटोलिया आदि हत्याकांड में मिली। आपको यह सुनकर हैरत होगी कि असद को उसके पिता ने हत्या के लिए प्रेरित किया और कहा कि इसका काम तमाम कर दो। इस तरह की घटनाओं और विश्व भर में बढ़ते मजहबी कट्टरवाद की प्रतिक्रिया में पूरे देश में छोटे–बड़े गैर मुस्लिम या ड्क्षहदू संगठन खड़े हो गए हैं। उनके लोग ऐसी घटनाओं पर सक्रिय होते हैं। इनसे परिवारों को थोड़ी ताकत मिलती है तथा प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ता है। खोड़ा में भी हमने ऐसे संगठनों के कार्यकर्त्ताओं को तुरंत सक्रिय देखा। असद की मुठभेड़ में मृत्यु हुई तथा उसके पिता सहित 2 लोग गिरफ्तार हैं। उसके घर को अवैध करार देकर गिराने का नोटिस दिया जा चुका है। उस क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे मदरसों को सील किया गया है। क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों को खंगाल कर कार्रवाई हो रही है। हालांकि यह प्रश्न बना रहता है कि इसी पुलिस प्रशासन के रहते हुए आखिर अवैध मकान व मदरसे या ऐसी गतिविधियां कैसे चलती रहती हैं? बकरीद के दिन कोई हिंदू युवक अपने मुस्लिम दोस्त से गले मिलता है, दुकान पर कोल्ड ड्क्षड्रक पीता है और फिर धोखे में पेट में चाकुओं से वार होता है। आरंभ में कुछ समाचार पत्रों और चौनलों ने इसे सामान्य बाइक का झगड़ा करार दिया। कुछ लोगों का कहना है कि बाइक का झगड़ा भी जानबूझकर किया गया। कुल मिलाकर षड्यंत्र के तहत उस लड़के को बुलाया गया और फिर जब वह षड्यंत्र में तत्काल नहीं फंसा तो उसे तलाश कर उसकी हत्या कर दी गई। 4 मार्च को राजधानी के उत्तम नगर में तरुण की हत्या के पीछे क्या कारण था? उसके परिवार की एक छोटी बच्ची ने होली को रंग से भरा हुआ गुब्बारा नीचे फैंका जो कुछ मुस्लिम समुदाय के लोगों पर गिर गया। उसे उन्होंने मजहब के विरुद्ध बताया और हंगामा करने लगे। पहले घर पर हमले हुए, लोग डर से घरों में दुबके रहे। बाद में तरुण वापस आ रहा था तो उसे घेर कर भीड़ ने हत्या कर दी। ये घटनाएं न अकेली हैं और न केवल भारत तक सीमित हैं। 28 जून, 2022 को उदयपुर में कन्हैयालाल दर्जी की गला रेत कर हत्या करते हुए वीडियो बनाकर जारी किया गया। हत्यारे ने कहा कि उसने नूपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट लिखा, जबकि उसके बेटे ने उसके मोबाइल से एक पोस्ट को शेयर किया था और हंगामा होने पर कन्हैयालाल ने उसे डिलीट कर दिया था। हत्यारों का कहना था कि इसने इस्लाम मजहब और पैगंबर साहब की तौहीन की है और इसकी सजा मौत है। इसी प्रकरण में उसके बाद 2 जुलाई, 2022 को महाराष्ट्र के अमरावती में एक कैमिस्ट उमेश कोल्हे की इसी तरह घेर कर हत्या की गई और हत्या करने वाले सब उसके परिचित निकले। इन घटनाओं की जांच में बिल्कुल साफ था कि इस्लाम मजहब की सोच के तहत हत्या हुई। 18 अक्तूबर, 2019 को लखनऊ में एक हिंदू संगठन चलाने वाले कमलेश तिवारी की उसके कार्यालय में घुसकर हत्या की गई और जब उसकी जांच हुई तो पता चला कि इस्लाम के नाम पर इनके जाल गुजरात तक फैले हुए हैं। उत्तर प्रदेश के कासगंज में चंदन गुप्ता 26 जनवरी, 2018 को तिरंगा यात्रा में शामिल थे। मुस्लिम बहुल इलाके में जलूस पर हमले हुए और उनकी मृत्यु हो गई। 1 फरवरी, 2018 को अंकित सक्सेना की हत्या उसकी मुस्लिम लड़की दोस्त के कारण राजधानी दिल्ली के टैगोर गार्डन में सरेआम कर दी गई। नवम्बर 2019 में हैदराबाद के शमशाबाद टोल प्लाजा के पास डॉक्टर प्रीति रैड्डी के साथ मुख्य अभियुक्त मोहम्मद पाशा ने 3 साथियों के साथ गैंगरेप किया और पैट्रोल से आग लगा दी। पिछले वर्ष ही इस्लाम धर्म छोड़ चुके गाजियाबाद के यूट्यूबर सलीम वास्तविक पर उसके घर में घुसकर नकाबपोशों ने चाकू से वार किया। सलीम वास्तविक का दोष यह था कि वह इस्लाम मजहब के कुछ पहलुओं पर प्रश्न उठाते थे तथा मदरसों आदि की गतिविधियों की आलोचना करते थे। किसी भी सभ्य समाज में, असहमति और विरोध का तरीका हत्या और उसमें आनंद अनुभव करना नहीं हो सकता। प्रश्न है कि क्या इसका कोई समाधान है? अनेक घटनाओं को इस्लाम विरोधी मानकर सरेआम हजारों लोग सड़कों पर 'गुस्ताख–ए–नबी की एक ही सजा, सिर तन से जुदा, सिर तन से जुदा' का नारा लगाते हैं। वारदात के बाद तो कानूनी कार्रवाई संभव है, किंतु इस जहरीली मजहबी सोच और व्यवहार का उपचार कैसे हो, इसका सीधा उत्तर किसी के पास नहीं। भारत में तो लोग सामान्यतरू न सड़कों पर उतरते हैं और न सामूहिक रूप से संपूर्ण देश में विरोध प्रदर्शन होता है। दुर्भाग्य से यहां कार्रवाई भी सरकारों की राजनीतिक विचारधारा पर निर्भर करती है। अगर देश सोच बदलकर सामूहिक व्यवहार करने का अभ्यस्त नहीं होगा, तो यश चौहान, तरुण बुटोलिया, अंकित सक्सेना, ध्रुव त्यागी आदि न केवल शिकार होते रहेंगे, बल्कि इसका और तेजी से विस्तार होगा।

# मिशन शक्तिअभियान : महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों



तथा साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गईं। अभियान के तहत पुलिस टीम ने महिलाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें तथा किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा संबंधी उपायों एवं अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा संबंधी विषयों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# थारू पलिया महिला हस्तशील प्रोड्यूसर कंपनी महिलाओं को बना रही सशक्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

पलिया कलां, खीरी। थारू जनजाति की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इसके तहत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चंदन चौकी गांव की थारू महिलाओं को हस्तशिल्प कला का प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाया जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से संचालित श्थारू पलिया महिला हस्तशिल्प प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेडश द्वारा ग्राम बलेरा में महिलाओं के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 3 जून से शुरू हुआ था, जो 12 जून को संपन्न होगा। शुक्रवार को महिलाओं के इस प्रशिक्षण कार्य का जायजा लेने के लिए



ग्राम बलेरा के प्रधान राम सहाय, पचपेड़ा के प्रधान रामकुमार और परियोजना कार्यालय के बाबू सुध ीर गुप्ता पहुंचे। उन्होंने वहां चल रही गतिविधियों को करीब से देखा और महिलाओं के हुनर की सराहना की। कंपनी के सीईओ आशुतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थारू पलिया महिला हस्तशिल्प प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। इस कंपनी को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए सरकार ने फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट ऑफ रूरल वैल्यू चेन को टेक्निकल सपोर्ट एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है, जो इस पर लगातार निगरानी रखती है। उन्होंने आगे बताया कि इससे पहले भी दो बैचों की ट्रेनिंग कराई जा चुकी है, जिसमें कुल 105 महिलाएं शामिल हुई थीं। वर्तमान में 3 जून से ग्राम बलेरा में शुरू हुए इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 55 महिलाएं भाग ले रही हैं, जिन्हें उनके मौजूदा कौशल को देखते हुए आगे का उन्नत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी जयसवाल, स्पोक मैनेजर वीरू, फाइनेंस एग्जीक्यूटिव फिरदौस, बोर्डस ऑफ डायरेक्टर रजनी देवी, कलिया देवी व रेशमा देवी के साथ 55 महिलाएं मौजूद रही।

# गैंगेस्टर अधिनियम में वांछित दो अभियुक्तगिरतार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं




क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम को सफलता मिली। थाना रुपईडीहा क्षेत्रान्तर्गत चौकी बाबागंज के पुरानी बाजार स्थित पथरकट मोहल्ला निवासी अभियुक्त कैलाश पथरकट एवं राजू कुछबंधिया द्वारा आर्थिक, भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से संगठित गिरोह बनाकर घूम–घूमकर घरों में चोरी जैसी संगीन आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक के आदेशों निर्देशों के क्रम में थाना रुपईडीहा पर मु0अ0सं0 121/2026 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 पंजी.त किया गया। विवेचना के क्रम में प्राप्त मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 शिवेश कुमार शुक्ला मय पुलिस बल द्वारा उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्तगण कैलाश पथरकट एवं राजू कुछबंधिया को समय लगभग 03.09 बजे दुविधापुर–सोरहिया खड़ंजा मार्ग के सामने वाली सड़क, थाना रुपईडीहा से गिरतार किया गया। गिरतार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत न्यायालय रवाना किया गया।

# सीएचसी में वृद्ध महिला की मौत के बाद हंगामा

## – परिजनों व मेडिकल स्टाफ के आरोप–प्रत्यारोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में एक वृद्ध महिला की मौत के बाद शुक्रवार देर शाम जमकर हंगामा हो गया। घटना को लेकर परिजनों और अस्पताल प्रशासन के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। पुलिस ने डॉक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि रामपुर बरारा गांव निवासी बूढ़ा देवी (60) पत्नी स्वर्गीय वासुदेव यादव को गंभीर हालत में सीएचसी



डलमऊ लाया गया था। परिजनों के अनुसार अस्पताल पहुंचने के बाद करीब आधे घंटे तक कोई वरिष्ठ चिकित्सक उपलब्ध नहीं था और मरीज तड़पती रही। आरोप है कि बाद में एक कम्पाउंडर ने देखने के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि काफी देर बाद डॉक्टर पहुंचे, जिसके बाद इलाज और मृत्यु को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। आरोप है कि परिजनों की सहमति के बिना शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई, जिससे नाराजगी बढ़ गई और अस्पताल परिसर में हंगामा हो गया। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ ने उनके साथ मारपीट की तथा बाद में पहुंची पुलिस ने पीड़ित परिवार के लोगों को ही थाने ले जाकर बैठा लिया। वहीं पुलिस और अस्पताल प्रशासन का पक्ष इससे अलग है। डलमऊ पुलिस के अनुसार बूढ़ा देवी को सीएचसी लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें ब्रॉट डेड घोषित किया। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मृतका के परिजनों में शामिल राम बहादुर यादव, रामविलास तथा अमरेंद्र बहादुर ने डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के साथ अभद्रता एवं मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक डलमऊ ने बताया कि डॉ. संजीव राय की तहरीर के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों के मेधावी बच्चों का हुआ सम्मान

## – वामा सारथी के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

गौरीगंज, अमेठी। पुलिस परिवार के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को पुलिस कार्यालय सभागार, गौरीगंज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।





कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने जनपद में तैनात पुलिस कर्मियों के उन मेधावी बच्चों को सम्मानित किया, जिन्होंने हाईस्कूल परीक्षा में उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं जनपद का नाम रोशन किया है। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने छात्रा जान्हवी यादव को 97.2 प्रतिशत, छात्र प्रांजल यादव को 93 प्रतिशत, छात्र उज्ज्वल गौर को 92 प्रतिशत तथा छात्र प्रथम प्रकाश दूबे को 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि परीक्षा में प्राप्त सफलता जीवन की यात्रा का केवल एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जबकि वास्तविक लक्ष्य अभी आगे है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं एवं चुनौतियों में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासित दिनचर्या, निरंतर परिश्रम तथा सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि पुलिस कर्मियों की ड्यूटी अत्यंत चुनौतीपूर्ण और समयबद्ध होती है, इसके बावजूद उन्होंने अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार प्रदान कर उन्हें सफलता के इस मुकाम तक पहुंचाया है, जो सराहनीय है। उन्होंने सभी अभिभावकों के समर्पण और मेहनत की भूरि–भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण उत्साह, गौरव और प्रेरणा से ओतप्रोत रहा तथा मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान ने अन्य बच्चों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ितों की सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई



करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 66 में 05, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 87 में 02, कैसरगंज में 118 में 12, पयागपुर में 118 में 07, महसी में 102 में 05, तथा तहसील नानपारा में प्राप्त 66 प्रार्थना–पत्रों में से 07 का निस्तारण मौके पर किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत में हुई विशेष बोर्ड बैठक

## - अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ वृहद वृक्षारोपण

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी टाउन। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत सभागार में एक विशेष बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष उजमा बी ने की। इस दौरान नगर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। प्रदूषण नियंत्रण और हरियाली बढ़ाने पर मंथन विशेष बोर्ड बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सभासदगण ने पर्यावरण संरक्षण, बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण और नगर में हरियाली का दायरा बढ़ाने जैसे गंभीर विषयों पर अपने–अपने विचार साझा किए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पर्यावरण को बचाने के लिए केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं हैं, बल्कि इसके लिए व्यापक स्तर पर जन–जागरूकता अभियान चलाना बेहद जरूरी है। ग्लोबल वार्मिंग और बदलते मौसम के मिजाज को देखते हुए प्र.ति का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देना होगा। बैठक के समापन के पश्चात नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस



अभियान के तहत छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। साथ ही सभी उपस्थित लोगों ने इन पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार, अध्यक्ष प्रतिनिधि फहीम अहमद, सभासदगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार ने कहा कि नगर पंचायत खीरी पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियान जारी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष प्रतिनिधि फहीम अहमद ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की।

# पीएम स्वनिधि योजना का जल्द से जल्द उठाए लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत लोक कल्याण मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 1 जून से 30 जून तक नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन के कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा जिसमें मणिभुषण तिवारी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने के इच्छुक लाभार्थी मेला स्थल पर आकर आवेदन कर सकते हैं। साथ ही जिन लाभार्थियों ने दूसरा ऋण का भुगतान पूरा कर लिया है या जिनका तीसरा ऋण संचालित है, वे क्रेडिट कार्ड हेतु भी आवेदन कर सकते हैं। महत्वपूर्णः इच्छुक लाभार्थी पालिका कार्यालय के सामान्य कार्यालय समय में (सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक) आकर आवेदन कर सकते हैं मेले में भारत सरकार की 8 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिनमें शामिल हैं पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, बीओएसडीबीएलयू के अंतर्गत पंजीकरण, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, वन नेशन वन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, संपर्क व्यक्ति मोहम्मद रिजवान (डूडा मऊ) मोबाइल नंबरः 9151999413, मोअज्जम यासिर (न०पा०प० मऊ) मोबाइल नंबरः 9151402040 नोटः सभी इच्छुक लाभार्थी आवश्यक दस्तावेज लेकर 30 जून 2026 तक नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन के कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पहुँचकर अपना आवेदन अवश्य करें।

# गैंगस्टर अभियुक्तकी 24 लाख रुपये की अचल सम्पत्ति को किया कुर्क

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश में माफियाओं व नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों पर कड़ी कार्यवाही




हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से संम्पति का अर्जन करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में कार्यवाही की गई। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम जौरही के रहने वाले अभियुक्त निरंजन पुत्र स्वयंबर द्वारा आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से अर्जित की गई लगभग 24 लाख रुपए की अवैध अचल सम्पत्ति को कुर्क किया गया है। अभियुक्त पर समाजविरोधी क्रियाकलाप करने तथा लूट पाट, जबरन वसुली आदि कर समाज में भय व्याप्त कर अवैध रुप से संमत्ति अर्जित करने के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 216/25 धारा 2(इ)(प)/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम–1986 पंजी.त किया गया था। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक मटौंध दीपेन्द्र सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही थी। विवेचक द्वारा अभियुक्त के आपराधिक .त्यों द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई सम्पत्ति की पहचान कर कुर्की हेतु न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजी गई थी। न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 22 मई को अभियुक्त की अवैध संपत्ति की कुर्की के संबंध में आदेश निर्गत किए गए थे। गैंगस्टर एक्ट की 14(1) के तहत कार्यवाही करते हुए कल देर शाम अभियुक्त द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई लगभग 24 लाख रुपये की अचल सम्पत्ति हार्वेस्टर को जब्त कर लिया गया है। बता दें कि अभियुक्त स्वयंबर पर लूट, जबरन वसुली, गुण्डा एक्ट आदि सहित डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

# एसपी ने मरका थाने का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना मरका का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हें अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए गए तथा थाना क्षेत्र की कानून–व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की समीक्षा की गई तथा रात्रि के



समय अपराध संभावित हॉटस्पॉट स्थलों को चिन्हित कर वहां नियमित पुलिस गश्त एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखो, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष कार्यालय तथा थाने के परिसर की साफ–सफाई आदि का अवलोकन किया गया। साथ ही शस्त्रागार का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ–सफाई, रखरखाव एवं उनकी कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कानून–व्यवस्था बनाए रखने, जनसुनवाई को प्राथमिकता देने तथा आमजन के साथ संवेदनशील एवं सकारात्मक व्यवहार रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

# इंदिरा गांधी की प्रतिमा खंडित किए जाने पर आक्रोश

## – प्रशासन व एनएचआई के आश्वासन के बाद शांत हुआ मामला

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। घोसी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्यानपुर से एक बेहद ही शर्मनाक और निंदनीय मामला प्रकाश में आया है, जहां भारत की पूर्व प्रधानमंत्री, आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा के साथ तोड़–फोड़ कर उसे गड्ढे में फेंक दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में तनाव फैल गया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष राज मंगल यादव इसके साथ ही प्रशासनिक अमला भी मुस्तैद हो गया। मौके पर उपजिलाधिकारी घोसी अशोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी घोसी जितेंद्र सिंह और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) के अधिकारी मौजूद थे। प्रशासन और एनएचआई के साथ हुई उच्चस्तरीय वार्ता तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर ही कांग्रेस पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और एनएचआई के बीच एक महत्वपूर्ण वार्ता हुई। इस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने इस कृत्य को देश की महान जननेत्री का अपमान और जनभावनाओं को आहत करने वाला बताते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की। एनएचआई अधिकारी का आश्वासन मामले की गंभीरता को देखते हुए एनएचआई के अधिकारी ने तुरंत आश्वासन दिया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की मूर्ति को ससम्मान पुनर्विस्थापित करने के लिए आज से ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। प्रशासन ने भी इस मामले में उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है, जिसके बाद मामला शांत हुआ। पूर्व जिलाध्यक्ष इंतखाब आलम विधि प्रकोष्ठ के



एडवोकेट अरविंद सिंह तथा प्रिंट मीडिया प्रभारी एडवोकेट सतीश कुमार पांडेय पूर्व ब्लाक प्रमुख घोसी जय हिंद यादव ने संयुक्त रूप से इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में अभूतपूर्व योगदान देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा के साथ ऐसी हरकत बर्दाश्त के बाहर है। मनोज गिहार प्रेम शिला चंपा राजभर शाहिद फारूकी अमरनाथ योगी फहद कादिर महेंद्र सोनकर मसूद अख्तर शिवाजी कनौजिया सहजानंद राय हरेंद्र यादव सुरेश राजभर मोतीराम सती राम यादव ऋषिकेश अरविंद यादव राजेश यादव ऋषि देव राम दरस मौजूद रहे।


## उत्तर मध्य रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 13.06.2022 के अंतर्गत प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर. पार्सल (लीजिंग), पार्किंग, अनुबंध के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करता है।

पार्सल लीजिंग

| S. N. | Compa-rtment | Train No. | CC (In tones) | From-To | Frequency (In a week) | E-Auction catalogue No. | E-Auction Start Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | FSLR-1 | 20433 | 3.9 | SFG-SVDK | 07 days | PRCL-PRYJ -26-04 | 19.06.2026, 11:30 Hrs |
| 2. | FSLR-1 | 12275 | 3.9 | PRYJ-NDLS | 04 days | PRCL-PRYJ -26-04 | 19.06.2026, 11:30 Hrs |

पार्किंग

| S. N. | Details of publicity | E-Auction catalogue No. | E-Auction Start Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1. | कानपुर अनवरगंज रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का 05 वर्षो हेतु उपलब्ध है। | PARKING-CPA-MX | 09.06.2026 at 11:00 hrs |
| 2. | खुर्जा रेलवे स्टेशन, फफूंद रेलवे स्टेशन, रूरा रेलवे स्टेशन एवं दनकौर रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड 03 वर्ष की अवधि हेतु उपलब्ध है। | PARKING-PRYJ-MX | 18.06.2026 at 11:00 hrs |

इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी में भाग लेने, विस्तृत जानकारी प्राप्त करने तथा नियम एवं शर्तों का अवलोकन करने हेतु भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) की आधिकारिक वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं। 1285/26 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान

## फैसल चश्मे वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रामलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्मे बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है। नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लेसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

## फैसल चश्मे वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आगा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी खलीक अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए. जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# मानवीय पहल की मिसाल बनी कोतवाली पुलिस

## – बिछड़े बालक को परिजनों से मिलाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक बिछड़े हुए बालक को सकुशल उसके परिजनों से मिलाकर मानवीय सरोकारों की मिसाल पेश की है। जानकारी के अनुसार दीप पुत्र विकास उर्फ छोटेलाल निवासी नगला मिलक थाना बकेवर अपनी माता स्नेहलता के साथ लुधियाना जाने के लिए



रेलवे स्टेशन पहुंचा था। स्टेशन पर अत्यधिक भीड़भाड़ के दौरान बालक अपनी माता से बिछड़ गया, जिससे परिजन काफी परेशान हो गए। मामले की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई। उपनिरीक्षक रमाकांत सिंह, मुख्य आरक्षी सलिल कुमार एवं आरक्षी आकाश यादव ने तत्काल बालक की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अथक प्रयासों के बाद बालक को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद आवश्यक सत्यापन के उपरांत बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने इटावा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए थाना कोतवाली पुलिस की सराहना की। ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत इटावा पुलिस लगातार बिछड़े एवं लापता बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने का कार्य कर रही है, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो रहा है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 37 शिकायतें पहुंचीं

## - अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। तहसील सैफई में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनसमस्याओं की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ताओं का पक्ष सुनें तथा समस्याओं का निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राप्त प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाए तथा लापरवाही अथवा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गांवों के भ्रमण के दौरान विभागीय योजनाओं का स्थलीय सत्यापन भी करें तथा लाभार्थियों से फीडबैक लेकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करें। तहसील सैफई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 37 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरण संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें भूमि विवाद एवं राजस्व मामलों से संबंधित प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में विलंब के कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए तथा सभी लंबित मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित थानाध्यक्षों को प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई



करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की शासन स्तर पर भी समीक्षा की जाती है तथा शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त किया जाता है। इसलिए सभी मामलों का निस्तारण पूरी गंभीरता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सैफई, क्षेत्राधिकारी सैफई सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण

## - अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद में औषधियों के विक्रय एवं भंडारण व्यवस्था की जांच हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 06 जून को औषधि निरीक्षक द्वारा सहादतपुरा स्थित मैसर्स–7 मेड फार्मेसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म स्वामी तथा फर्म पर अनुमोदित फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय फैसल अफलाज पुत्र अफजाल हुसैन उपस्थित मिले, जिन्होंने स्वयं को अस्पताल सुविधा प्रमुख के रूप में कार्यरत होना बताया तथा निरीक्षण में सहयोग प्रदान किया। जांच के दौरान यह पाया गया कि अनुमोदित फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में औषधियों का विक्रय किया जा रहा था। अनियमितताओं के संबंध में साक्ष्य संकलित करने हेतु 04 जून एवं 05 जून के विक्रय अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां प्राप्त की गईं। निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत क्रय–विक्रय बिलों में नियम–65 के उल्लंघन के तथ्य भी पाए गए। साथ ही औषधियों के कार्टन सीधे जमीन पर रखे जाने तथा दवाओं के भंडारण एवं रख–रखाव के लिए निर्धारित मानकों का पालन न किए जाने की स्थिति भी सामने आई। उक्त गंभीर अनियमितताओं को .ष्टिगत रखते हुए फर्म द्वारा किए जा रहे विक्रय कार्य को तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। औषधि निरीक्षक ने बताया कि निरीक्षण आख्या तैयार कर विभागीय कार्रवाई हेतु औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय), आजमगढ़ मंडल, आजमगढ़ को प्रेषित कर दी गई है। जनपद में औषधियों के विक्रय एवं भंडारण से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आगे भी सघन जांच एवं आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

# नेपाल-बांग्लादेश के बीच टेलिमेडिसिन सेवा विस्तार को लेकर हुआ सहयोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

रुपईडीहा, बहराइच। नेपाल की डिजिटल स्वास्थ्य सेवा प्रदाता संस्था हेल्थ यादआयो और बांग्लादेश की क्लिनिकल लिमिटेड के बीच अंतरराष्ट्रीय टेलिमेडिसिन सेवाओं के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण सहयोग समझौता हुआ है। इस साझेदारी के तहत दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का शुभारंभ कर दिया है। समझौते के बाद अब बांग्लादेश के मरीज नेपाल के विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही जटिल स्वास्थ्य समस्याओं के लिए काठमांडू के अंतरराष्ट्रीय स्तर के अस्पतालों से मेडिकल सेकेंड ओपिनियन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। हेल्थ यादआयो ने अपनी टेलिमेडिसिन तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सकों का नेटवर्क क्लिनिकल लिमिटेड के साथ एकी.त किया है, जिससे मरीजों को घर बैठे सुरक्षित, सरल और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। हेल्थ यादआयो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विमल बराल ने कहा कि यह सहयोग दक्षिण एशिया में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं क्लिनिकल लिमिटेड के सह–संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी परवेज अहमद ने कहा कि इस साझेदारी से बांग्लादेश के मरीजों को नेपाली विशेषज्ञ चिकित्सकों तक आसान पहुंच मिलेगी। दोनों संस्थाओं ने भविष्य में नेपाल और बांग्लादेश के बीच मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने तथा अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी जताई है। उल्लेखनीय है कि हेल्थ यादआयो पिछले दो वर्षों से नेपाल में घर बैठे विशेषज्ञ परामर्श, लैब जांच, दवा आपूर्ति तथा विदेश में उपचार संबंधी सेवाएं उपलब्ध करा रही है। मोबाइल एप के माध्यम से नेपाल के विभिन्न शहरों के साथ–साथ भारत, थाईलैंड, मलेशिया और सिंगापुर के प्रतिष्ठित अस्पतालों के चिकित्सकों से भी वर्चुअल परामर्श की सुविधा प्रदान की जा रही है।

# देवी के दर्शन कराने के बहाने महिला के सोने के कुंडल व पर्स लेकर हुए फरार

## - पुलिस ने महिला की तहरीर प्राथमिकी दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू की

न्यूज वाणी ब्यूरो

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम खण्डसार निवासी राजकुमार की पत्नी कामिनी देवी पेट मे दर्द होने पर लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराने आई थी। कामिनी देवी ने बताया है कि अल्ट्रासाउंड कराकर सेंटर से बाहर निकल कर चौराहे कि ओर जा रही थी कि रास्ते मे आये अज्ञात बाइक सवार महिला एवं दो युवकों ने कामिनी को रोकर बातचीत करने लगे। उच्चको ने ग्रामीण महिला को बताया है कि तुम बहुत परेशान रहती हो, तुम्हारे सारे कष्ट दूर हो जायेगे और तुम पर प्रेत आत्मा का साया भी है। हम तुम्हारा उतारा करके देवी माँ के दर्शन करा देंगे। देवी माँ के दर्शन करके ही तुम्हारे सारे संकट दूर हो जायेगे। कामिनी देवी ने उच्चकों की बात मानकर अपना हाथ दिखा तो अज्ञात महिला एवं युवकों ने कहा कि देवी के दर्शन करने के लिए तुम्हे अपने कानों के पहने हुए कुंडल उतारने होंगे। कामिनी देवी में अज्ञात महिला एवं युवकों की बात मान कर कुडंल उतार कर अपने पर्स में रख लिये। अज्ञात महिला ने कामिनी देवी से कहा कि तुम को दर्शन करने के लिए अपना पर्स मुझे देना होगा। उच्चकों की बातों में आकर कामिनी देवी ने अपना पर्स महिला एवं पुरुषों को दे दिया और देवी माँ के दर्शन करने के लिए पाँच से दस कदम आगे की ओर बढ़ी। मौके पर फायदा उठाकर अज्ञात महिला एवं युवक बाइक से पर्स में रखे सोने के कुंडल, दो हजार नकद एवं अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट लेकर बरेली की ओर फरार हो गए। कामिनी देवी चीखती चिल्लाती रही पर किसी ने कामिनी देवी की पुकार को नही सुना। कामिनी देवी रोती बिलखती थाने पर पहुँची और घटना की आपबीती थाना पुलिस को बताई। तत्काल सूचना पर पहुँची पुलिस ने चोरों की तलाश में काफी खोजबीन की परन्तु उच्चको का कही कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। कामिनी देवी ने बताया है कि कई दिन से पेट मे दर्द हो रहा था तो आज अल्ट्रासाउंड कराने कटरा आई थी। अल्ट्रासाउंड कराकर वापस घर जा रही थी कि लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेरे सोने के कुंडल, पर्स में रखे दो हजार रुपए एवं अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट लेकर एक महिला एवं दो युवक बाइक से बरेली की ओर लेकर फरार हो गए है। मेरे पति में बहुत ही मेहनत करके दो ग्राम के कुंडल जिसकी कीमत लगभग तीस हजार रुपए है चोर लेकर फरार हो गए है। ग्रामीण महिला में पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर कुंडल बारमद करने की माँग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने बताया है कि महिला की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने सुनीं समस्याएं, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

## – संबंधित अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में ना करें लापरवाही

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने तहसील सदर में जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक ढंग से सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण के दौरान संबंधित शिकायतकर्ता से वार्ता अवश्य की जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील सदर में कुल 116 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं 04 शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 70 शिकायतें राजस्व विभाग, 16 शिकायतें विकास विभाग, 11 शिकायतें पुलिस विभाग तथा शेष अन्य विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही का परिचय दें तथा शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर, उप जिलाधिकारी सदर अवधेश चौहान, तहसीलदार शैलेंद्र प्रताप सिंह सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने विकास भवन परिसर में किया वृक्षारोपण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। विकास भवन परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे पूर्ण रूप से विकसित होकर पर्यावरण को लाभ पहुँचा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और अपने प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल अपने परिवार के सदस्य की तरह करनी चाहिए। इस दौरान विकास भवन के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

# विश्व मानवाधिकार परिषद का देशव्यापी महाअभियान

## - कश्मीर से कन्याकुमारी तक गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर देश में एक नई हरित क्रांति का सूत्रपात हुआ। वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रदूषण, अनियंत्रित होते तापमान और ग्लोबल वार्मिंग जैसी विनाशकारी चुनौतियों से मानव सभ्यता को बचाने के संकल्प के साथ विश्व मानवाधिकार परिषद द्वारा पूरे देश में व्यापक और ऐतिहासिक स्तर पर वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एमआर अंसारी के एक मात्र आह्वान पर कश्मीर की बर्फीली वादियों से लेकर कन्याकुमारी के समुद्र तट तक, और गुजरात के कच्छ से लेकर असम के सुदूर क्षेत्रों तक परिषद के पदाधिकारियों, समर्पित कार्यकर्ताओं और आम सदस्यों ने बढ़–चढ़कर इस महाअभियान में हिस्सा लिया। इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत देश के विभिन्न राज्यों, जनपदों, तहसीलों और सुदूर गांवों में लाखों की संख्या में विभिन्न प्रकार के औषधीय, छायादार व फलदार पौधे रोपे गए। देश को हरा–भरा बनाने और श्हरित क्रांतिश का महासंकल्प वर्तमान समय में बढ़ती औद्योगिक क्रांति और अंधाधुंध शहरीकरण के कारण पर्यावरण का संतुलन पूरी तरह बिगड़ चुका है। कंक्रीट के जंगलों के बीच सांस लेती हमारी भावी पीढ़ी को शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके, इसी दूरदर्शी सोच के साथ संगठन ने इस बार पर्यावरण दिवस को किसी औपचारिक कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि एक राष्ट्रव्यापी जन–आंदोलन के रूप में मनाया। अभियान की जमीनी स्तर पर शुरुआत करते हुए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज को एक कड़ा और प्रभावी संदेश दिया कि पेड़ लगाना केवल एक दिन की औपचारिकता या फोटो खिंचवाने का माध्यम मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित और दीर्घायु करने का एकमात्र और अचूक जरिया है। परिषद के नेताओं ने कहा कि यदि आज हम सचेत नहीं हुए, तो आने वाला समय अत्यंत भयावह होगा। देश में वास्तविक श्हरित क्रांतिश लाने के उद्देश्य से हर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के अनुसार नीम, पीपल, बरगद, जामुन, आम, आंवला और गुलमोहर जैसे जीवनदायिनी पौधों का चयन कर उन्हें बड़े पैमाने पर रोपित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एम. आर. अंसारी का राष्ट्र के नाम संदेश इस अभूतपूर्व और ऐतिहासिक राष्ट्रव्यापी अभियान की अपार सफलता पर अपनी गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्व मानवाधिकार परिषद के ऊर्जावान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एम. आर. अंसारी ने देशवासियों, पर्यावरणविदों और संगठन के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय से जारी



अपने विशेष संदेश में डॉ. अंसारी ने मानवाधिकारों और पर्यावरण के अटूट अंतर्संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा और उनकी सार्थकता तभी संभव है जब हमारा पर्यावरण सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ होगा। जीवन जीने का अधिकार सबसे बड़ा मानवाधिकार है, और शुद्ध हवा, स्वच्छ पानी तथा प्रदूषण मुक्त वातावरण हर नागरिक का मौलिक व प्रा.तिक अधिकार है। ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में यदि हमने अपनी धरती मां को नहीं बचाया, तो जीवन के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा हो जाएगा। संगठन का हर एक सदस्य देश के पर्यावरण को शुद्ध बनाने, नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने और धरती को पुनः हरा–भरा व सुंदर बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। यह वृक्षारोपण अभियान हमारे इसी अटूट संकल्प का एक जीवंत प्रमाण ळे कश्मीर से कन्याकुमारी तक हर जनपद और ब्लॉक स्तर पर दिखा अभूतपूर्व उत्साह डॉ. एम. आर. अंसारी के कुशल मार्गदर्शन और रणनीतिक दिशा–निर्देशन में संगठन की त्रिस्तरीय व्यवस्था (राष्ट्रीय, प्रांतीय, जिला और ब्लॉक स्तर) ने अद्भुत समन्वय का परिचय दिया। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, झारखंड, पश्चिम बंगाल और दक्षिण भारतीय राज्यों में परिषद के कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही मोर्चा संभाल लिया था। विभिन्न जनपदों के सार्वजनिक स्थलों, प्राचीन पार्कों, सरकारी व निजी विद्यालयों, चिकित्सालय परिसरों, धार्मिक स्थलों और प्रमुख राजमार्गों के किनारे सुनियोजित तरीके से पौधारोपण किया गया। इस अभियान की सबसे खास और अनुकरणीय बात यह रही कि कार्यकर्ताओं ने केवल पौधे लगाने तक ही अपने कर्तव्य की इतिश्री नहीं समझी, बल्कि लगाए गए प्रत्येक पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री–गार्ड लगाने और उन्हें नियमित रूप से सींचने (खाद–पानी देने व देखभाल करने) की लिखित व नैतिक जिम्मेदारी भी स्वेच्छा से ली। हर जिले में श्एक कार्यकर्ता, पांच वृक्षश का संकल्प दिलाया गया, ताकि पौधों का जीवित रहना शत–प्रतिशत सुनिश्चित हो सके। जन–भागीदारी से बना जन–आंदोलनरू युवाओं और संभ्रांत नागरिकों ने मिलाया हाथ इस वृहद अभियान ने उस समय एक विराट रूप ले लिया जब मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के साथ–साथ स्थानीय संभ्रांत नागरिकों, प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों, डॉक्टरों, वकीलों, समाजसेवियों और विशेषकर देश के युवाओं व छात्र–छात्राओं ने इसमें अपनी भारी सहभागिता दर्ज कराई। युवाओं के भीतर पर्यावरण को लेकर दिखा यह उत्साह इस बात का प्रतीक है कि देश की नई पौध अब अपने भविष्य के प्रति जागरूक हो रही है। लखीमपुर खीरी और कस्बा खीरी के विभिन्न क्षेत्रों में समाज के हर वर्ग के लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और इस पुनीत कार्य की सराहना की। उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में रिकॉर्ड तोड़ पौधारोपण उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में विश्व मानवाधिकार परिषद की राज्य इकाई द्वारा विशेष समन्वय स्थापित कर रिकॉर्ड तोड़ पौधारोपण किया गया। राजधानी लखनऊ से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक, हर जगह संगठन के झंडे के नीचे लोग हाथों में पौधे थामे नजर आए। प्रांतीय अध्यक्षों और जिला प्रभारियों ने स्वयं कुदाल उठाकर गड्ढे खोदे और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। संगठन के केंद्रीय नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल पर्यावरण दिवस तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगामी पूरे मानसून सत्र के दौरान परिषद द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में श्चलो रोपे पौधाश अभियान के तहत निरंतर कार्य किया जाएगा। विश्व मानवाधिकार परिषद के इस ऐतिहासिक और भगीरथ प्रयास की आज पूरे देश में भूरि–भूरि प्रशंसा हो रही है, और इसने समाज के अन्य संगठनों के सामने भी सेवा और राष्ट्र निर्माण का एक उत्.ष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# मुख्य आरक्षी को पुलिस लाइन में दी अंतिम श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन में दिवंगत मुख्य आरक्षी अजीत सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव सहित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नम आंखों





से अंतिम विदाई दी। मुख्य आरक्षी अजीत सिंह का निधन हो जाने के उपरांत पुलिस द्वारा उनके पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्थल पर लाया गया, जहां श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पार्थिव शरीर पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने भी दिवंगत मुख्य आरक्षी को श्रद्धांजलि दी तथा पार्थिव शरीर को कंधा देकर अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर पुलिस जवानों द्वारा शस्त्र झुकाकर शोक सलामी दी गई। श्रद्धांजलि के उपरांत पार्थिव शरीर को पुलिस वाहन द्वारा उनके पैतृक निवास के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में सभी अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान ने बदली पल्लवी शुक्ला की जिंदगी

## - नूडल्स निर्माण इकाई स्थापित कर बनीं आत्मनिर्भर, तीन लोगों को दिया रोजगार

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश का प्रत्येक युवा आत्मनिर्भर बने और स्वरोजगार के माध्यम से न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सु.ढ़ करे, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर उत्पन्न करे। इसी सोच को धरातल पर उतारने के लिए संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान आज हजारों युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। जनपद में जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप अनेक युवा स्वरोजगार की राह पर अग्रसर हुए हैं। इन्हीं सफल उद्यमियों में से एक हैं पल्लवी शुक्ला, जिन्होंने अपने अथक प्रयास और सरकारी योजना के सहयोग से सफलता की नई इबारत लिखी है। जनपद अमेठी के गौरीगंज निवासी पल्लवी शुक्ला के जीवन में भी एक समय ऐसा था जब रोजगार की कमी उनके लिए चिंता का विषय थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित थीं और आत्मनिर्भर बनने का कोई प्रभावी माध्यम तलाश रही थीं। इसी दौरान उद्योग विभाग द्वारा पंचायत भवन कार्यालय गौरीगंज में आयोजित एक जागरूकता शिविर में उन्होंने भाग लिया। इस शिविर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। पल्लवी बताती हैं कि शिविर में अधिकारियों द्वारा योजना के उद्देश्यों, पात्रता,



आवेदन प्रक्रिया, ऋण सुविधा एवं उद्यम स्थापना की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योजना के बारे में जानकर उन्हें लगा कि अब उनकी बेरोजगारी समाप्त करने और अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर मिल गया है। उन्होंने उसी समय स्वरोजगार के क्षेत्र में कदम बढ़ाने का निश्चय किया। बाजार की मांग और स्थानीय आवश्यकताओं का अध्ययन करने के बाद पल्लवी ने नूडल्स निर्माण इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत पांच लाख रुपये के ऋण हेतु आवेदन किया। उनका आवेदन उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, गौरीगंज शाखा के माध्यम से स्वी.त हुआ और उन्हें पांच लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। ऋण प्राप्त होने के बाद पल्लवी ने योजनाबद्ध तरीके से अपनी इकाई की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने आवश्यक मशीनरी, उपकरण, फर्नीचर तथा उत्पादन कार्य के लिए जरूरी सामग्री की खरीद की। शुरुआती दौर में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मशीनों के संचालन, उत्पादन प्रक्रिया, विपणन व्यवस्था तथा ग्राहकों तक उत्पाद पहुंचाने जैसे अनेक कार्यों को सीखना पड़ा। लेकिन उन्होंने कठिनाइयों से घबराने के बजाय धैर्य और परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए। कुछ ही समय में उनकी नूडल्स निर्माण इकाई ने उत्पादन प्रारंभ कर दिया। शुरुआत में बिक्री सीमित थी, लेकिन उन्होंने उत्पाद की गुणवत्ता को प्राथमिकता दी और स्थानीय स्तर पर प्रचार–प्रसार किया। धीरे–धीरे लोगों का विश्वास बढ़ा और उनके उत्पाद की मांग में निरंतर वृद्धि होने लगी। आज उनकी इकाई नियमित रूप से उत्पादन कर रही है तथा स्थानीय बाजार में अपनी पहचान बना चुकी है। पल्लवी शुक्ला कहती हैं कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। पहले जहां रोजगार की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं थी, वहीं आज वे एक सफल उद्यमी के रूप में कार्य कर रही हैं। उनके व्यवसाय से होने वाली आय ने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है। अब वे अपने परिवार तथा अपने ऊपर आश्रित लोगों का भरण–पोषण बेहतर ढंग से कर पा रही हैं। उनकी सफलता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उन्होंने स्वयं रोजगार प्राप्त करने के साथ–साथ अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है। वर्तमान में उनकी इकाई में तीन लोगों को नियमित रोजगार मिला हुआ है। इससे न केवल उनके परिवार की आय बढ़ी है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिला है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उस सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है जिसमें एक युवा उद्यमी स्वयं के साथ–साथ अन्य लोगों को भी आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देता है। पल्लवी की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि सही मार्गदर्शन, सरकारी सहयोग और .ढ़ इच्छाशक्ति का समन्वय हो तो कोई भी व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद अमेठी में विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। वहीं उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन द्वारा युवाओं को योजनाओं से जोड़ने, जागरूकता शिविर आयोजित करने तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का उद्देश्य केवल ऋण उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि युवाओं में उद्यमिता की भावना विकसित करना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना भी है। पल्लवी शुक्ला की सफलता इस योजना की प्रभावशीलता और उपयोगिता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। आज पल्लवी शुक्ला की नूडल्स निर्माण इकाई सुल्तानपुर रोड, गौरीगंज में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। उनकी कहानी उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो रोजगार की तलाश में हैं और स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का सपना देखते हैं। पल्लवी का मानना है कि यदि युवा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाएं तो वे भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं और समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकते हैं। पल्लवी शुक्ला की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और मेहनत की कहानी है, बल्कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की सफलता का भी जीवंत उदाहरण है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि सरकारी योजनाएं सही हाथों तक पहुंचें तो वे जीवन बदलने की क्षमता रखती हैं। आज पल्लवी आत्मविश्वास के साथ अपने व्यवसाय का संचालन कर रही हैं और भविष्य में अपने उद्यम का विस्तार कर अधिक लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है

# पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के खिलाफ फूटा युवाओं का आक्रोश

## – उग्र जनांदोलन की दी चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर हो रही पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के खिलाफ स्थानीय युवाओं और पर्यावरण प्रेमियों का गुस्सा फूट पड़ा है। पल्हरी के कालका चौराहे पर एकत्रित हुए युवाओं ने प्रशासन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलने पर पहुंचे युवाओं ने देखा कि कई प्राचीन और



विशालकाय पेड़ों पर काटने के लिए लाल निशान लगा दिए गए हैं। विरोध का नेतृत्व कर रहे युवाओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासन विकास के नाम पर विनाश करना बंद करे। जब हमारे पास शुद्ध हवा और ऑक्सीजन ही नहीं बचेगी, तो यह कंक्रीट का विकास किस काम आएगा? युवाओं ने सड़क की स्थिति दिखाते हुए कहा कि कालका चौराहे के पास पहले से ही पर्याप्त जगह उपलब्ध है, जहाँ से दो बड़े ट्रक आसानी से निकल सकते हैं। ऐसे में 40 वर्ष पुराने इन छायादार पेड़ों को काटने का कोई तार्किक आधार नहीं है। इस समय पूरा बुंदेलखंड 48 डिग्री के रिकॉर्ड तोड़ तापमान और भीषण लू से झुलस रहा है। युवाओं ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों और जिला प्रशासन से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इन पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई गई, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र जन–आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# गुरेह में 750 मीटर लिंक रोड निर्माण में धांधली का आरोप

## – ग्रामीण बोले– दो महीने भी नहीं चलेगी सड़क

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शनिवार को समाधान दिवस पर गुरेह गांव के ग्रामीण पहुंचे और लिखित शिकायत पत्र दिया। बता दें कि बड़ोखर खुर्द ब्लॉक की ग्राम पंचायत गुरेह में बबेरू रोड से गांव को जोड़ने वाली 750 मीटर लंबी लिंक रोड के निर्माण में भारी लापरवाही का आरोप लगा है। पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाई जा रही इस सड़क को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच की मांग की है। ग्रामीण दीपक यादव ने बताया कि सड़क में माल बहुत घटिया लग रहा है साहब। मोटाई बिल्कुल नहीं है, और पानी निकासी का भी कोई इंतजाम नहीं। ये सड़क दो महीने भी नहीं चलेगी। ग्रामीणों का आरोप है कि मानकों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कई बार ठेकेदार से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब आखिरी उम्मीद जिलाधिकारी से है। ज्ञापन देने के दौरान लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि घटिया निर्माण से सरकारी पैसे की बर्बादी होगी और सड़क कुछ ही दिनों में टूट जाएगी। इसके बाद बैलगाड़ी तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे। 750 मीटर की यह सड़क गांव की लाइफलाइन है। अब सवाल यह है कि पीडब्ल्यूडी विभाग ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेगा, या फिर एक और सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी। इस मौके पर दयाराम, दीपक यादव, मुन्नी, रोहित, हर्ष, निर्भय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे हैं।

# कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, दो बाल अपचारी गिरतार

## - अवैध रिवाल्वर, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने दो बाल अपचारियों को गिरतार कर उनके कब्जे से एक अवैध रिवाल्वर, दो जिंदा कारतूस



तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा की गई। पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में चलाए जा रहे अभियान के दौरान दो बाल अपचारियों को गिरतार किया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक अवैध रिवाल्वर 32 बोर तथा दो जिंदा कारतूस 32 बोर बरामद किए गए। साथ ही एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई, जिसे मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत सीज कर दिया गया। इस संबंध में थाना कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 127/2026, धारा 3/9/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजी.त किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। बरामदगी में एक अवैध रिवाल्वर 32 बोर, दो जिंदा कारतूस 32 बोर तथा एक मोटरसाइकिल शामिल है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, उपनिरीक्षक कासिफ हनीफ, आरक्षी राजेश कुमार तथा चालक आरक्षी संजीत कुमार शामिल रहे।

# मत्स्य पालकों के लिए सरकार का तोहफा, आठ जून से खुलेंगे तरक्की के द्वार

## - सीएम मत्स्य सम्पदा व निषादराज बोट सब्सिडी योजना से विकास को मिलेगी नई रतार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड के विकास को रतार देने और मछुआरा समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। जिले के मत्स्य पालकों और मछुआरों की किस्मत चमकाने के लिए सरकार की ओर से विशेष योजनाओं की सौगात दी गई है। इसके तहत आगामी 8 जून से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इस कदम से न सिर्फ मत्स्य पालकों की आय दोगुनी होगी बल्कि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। कल्याणकारी योजनाओं से बुंदेलखंड को मिलेगी नई रतार योगी सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना और निषादराज बोट सब्सिडी योजना अब के मत्स्य पालकों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है। इन योजनाओं के जरिए पारंपरिक रूप से पिछड़े इस क्षेत्र के मछुआरों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ा जाएगा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का मुख्य फोकस इस बात पर है कि कैसे कम लागत में मत्स्य पालकों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाया जा सके। जिसको लेकर इस बार सरकार का विशेष जोर सघन मत्स्य पालन और तालाबों में एरेशन सिस्टम लगाने पर है। एरेशन सिस्टम के जरिए पानी में ऑक्सीजन की मात्रा सही बनी रहती है जिससे मछलियों का उत्पादन तेजी से बढ़ता है और वे स्वस्थ रहती हैं। मत्स्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस तकनीक को अपनाने से स्थानीय पालकों की आर्थिक स्थिति में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेगा। योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र लाभार्थी 8 जून से आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल बनाया



है ताकि बिचौलियों की भूमिका खत्म हो सके और सीधे पात्र व्यक्ति तक सरकारी मदद पहुंच सके। सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। मछुआरों ने जताया योगी सरकार का आभार योगी सरकार के इस बड़े फैसले के बाद जिले के मत्स्य पालकों और निषाद समुदाय में भारी उत्साह का माहौल है। स्थानीय मछुआरों का कहना है कि पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा बुंदेलखंड की अनदेखी की मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी सुध ली है। आधुनिक नावों के लिए मिलने वाली सब्सिडी और नई तकनीक के सहयोग से अब वे कर्ज के दलदल से बाहर निकल सकेंगे। मछुआरा समाज ने इस कल्याणकारी तोहफे के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आभार व्यक्त करते हुए उनकी नीतियों की जमकर सराहना की है।

# चहितारा में नाले की सफाई में लापरवाही, सिंचाई ठप

## – डीएम से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, ग्रामीणों ने तहसील दिवस में लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मौजा चहितारा के पास स्थित लघु सिंचाई विभाग के नाले की समुचित सफाई न होने से सैकड़ों किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। विभाग पर सफाई के नाम पर खानापूरी का आरोप लगाते हुए ग्रामीण वेदनारायण ने तहसील दिवस में प्रभारी अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। वेदनारायण का कहना है कि पहले नाले की सफाई ठीक से होती थी, लेकिन इस साल सिर्फ औपचारिकता निभाई गई। नाले में सिल्ट जमा होने से जल प्रवाह पूरी तरह अवरुद्ध है। इसी नाले के पानी से गांव के तमाम किसान सिंचाई कर फसल उगाते थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर नाले की सफाई नहीं हुई तो खेतों में सिंचाई न होने से फसल बर्बाद हो जाएगी और भविष्य में भुखमरी की विकराल समस्या उत्पन्न हो सकती है। इस नाले में .षि विश्वविद्यालय और बरसाती पानी भी काफी दूर से आकर प्रवाहित होता है। पत्र में बताया गया कि इस संबंध में 9 मई को जिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर अब तहसील दिवस में दोबारा शिकायत की गई है। ग्रामीणों ने जनहित में नाले की तत्काल समुचित सफाई कराने की मांग की है, ताकि किसान भुखमरी से बच सकें। नाले की सफाई के लिए सख्त आदेश पारित करने की गुहार लगाई है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियां अंतिम चरण में, 25 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

## - नकलविहीन व पारदर्शी परीक्षा के लिए प्रशासन ने कसी कमर, सभी केंद्रों पर विशेष व्यवस्था

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में सभी स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं उपजिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि जनपद में बड़ी संख्या में आने वाले अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी रैन बसेरों की साफ–सफाई सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही रैन बसेरों की सूची रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं प्रमुख चौराहों पर चस्पा की जाए, जिससे बाहर से आने वाले लोगों को ठहरने में सुविधा मिल सके। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास स्पष्ट दिशा–सूचक बोर्ड लगाए जाएं, जिससे परीक्षार्थियों को केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 25 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा 08, 09 एवं 10 जून को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक



पाली में लगभग 4272 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के भीतर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति नहीं होगी तथा परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने–अपने केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा प्रारंभ होने से 35 मिनट पूर्व प्रश्नपत्रों के गोपनीय पैकेट केवल सीसीटीवी कैमरों एवं वीडियोग्राफी की निगरानी में खोले जाएंगे। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। सभी अधिकारी पुलिस विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उनके मोबाइल नंबर अपने पास रखें तथा संबंधित परीक्षा केंद्रों पर भी उपलब्ध कराएं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संपर्क किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों की लोकेशन गूगल मैप पर अपलोड की जाए, ताकि अभ्यर्थियों को केंद्र तक पहुंचने में आसानी हो। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर चिकित्सक सहित एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रमुख चौराहों पर पूछताछ केंद्र स्थापित किए जाएं तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है और सभी पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ करेंगे। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आईएएस कोमल पुनिया, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर जिलाधिकारी विपिन कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी डोगरा शक्ति, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, सभी उपजिलाधिकारी, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेधावियों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर बढ़ाया उत्साह

## – वामा ईको चैंप्स अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वामा सारथी के तत्वावधान में पुलिस लाइन स्थित डीटीयू सभागार में मेधावी छात्र–छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यालय स्तर पर लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम के क्रम में संपन्न हुआ। समारोह में



मुख्यालय से प्राप्त प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार मेधावी बच्चों को प्रदान कर सम्मानित किया गया। वामा सारथी अध्यक्ष रीना श्रीवास्तव, वंदना शर्मा तथा क्षेत्राधिकारी लाइन्स आयुषी सिंह ने संजीव पुत्र श्याम सिंह (मुख्य आरक्षी, 28वीं वाहिनी पीएसी) एवं अग्निवेश सिंह पुत्र उदय राज सिंह (मुख्य आरक्षी) को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान वामा ईको चैंप्स अभियान के अंतर्गत बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। उन्हें जल संरक्षण, वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए प्र.ति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता है। बच्चों को दैनिक जीवन में पर्यावरण हितैषी आदतें अपनाने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया गया।

# तहबाजारी की आड़ में अवैध वसूली का आरोप, शासनादेश ताक पर

## - उद्गम स्थल की जगह चेकपोस्ट पर वसूला जा रहा खनिज परिवहन शुल्क

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला पंचायत द्वारा खनिज परिवहन शुल्क के नाम पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। वाहन संचालकों का कहना है कि शासन के स्पष्ट आदेश के बावजूद उद्गम स्थल की जगह जिले के विभिन्न मार्गों और चेकपोस्ट पर रोककर तहबाजारी वसूली जा रही है। उत्तर प्रदेश शासन ने स्पष्ट किया है कि जिला पंचायतें खनिज परिवहन शुल्क की वसूली सिर्फ खनन क्षेत्र यानी उद्गम स्थल पर ही कर सकती हैं। इसके बावजूद स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर रास्ते में वाहन रोककर मनमानी वसूली की जा रही है। विरोध करने पर चालकों को परेशान करने का भी आरोप है। ट्रांसपोर्टरों और वाहन स्वामियों का कहना है कि इस अवैध वसूली से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई बार एक ही वाहन से अलग–अलग जगहों पर शुल्क वसूल लिया जाता है। स्थानीय व्यापारियों और ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने जिला प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है।

# तहसील नहीं मानता उत्तर प्रदेश सरकार का आदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, सभी उप जिलाधिकारी और तहसीलदारों को अनिवार्य रूप से उसी तहसील क्षेत्र में निवास करना होगा जहाँ उनकी तैनाती है। इस आदेश का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है ताकि अधिकारियों की उपलब्धता कार्यक्षेत्र में बनी रहे प्रमुख बिंदु और नियमरूनिवास की अनिवार्यता अधिकारियों (एसडीएम और तहसीलदारों) को तहसील या ब्लॉक में बने सरकारी आवास में रहना होगा। यदि सरकारी आवास उपलब्ध नहीं है, तो उन्हें उसी क्षेत्र में निजी कमरा लेकर रहना अनिवार्य है।प्रमाण देना आवश्यकरू जिला मुख्यालय या अन्य दूर–दराज के क्षेत्रों में रहकर ड्यूटी करने पर रोक है। अधिकारियों को अपने तैनाती स्थल पर निवास करने का प्रमाण भी देना होता है।दंडात्मक कार्रवाईरू आदेश का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों की जवाबदेहीरू मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि सभी अधिकारी कार्यक्षेत्र में ही रहें, और उन्हें 7 दिनों के भीतर इसका प्रमाण–पत्र शासन को सौंपना होगा। लेकिन डलमऊ तहसील प्रशासन सरकार के आदेश की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते।



# पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। एसपी रवि कुमार के निर्देशन में थाना डलमऊ घुरवारा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था के तहत् चेकिंग अभियान चलाया गया। चौकी प्रभारी विनय कुमार पाठक ने अपनी पुलिस टीम के साथ चेकिंग की हेलमेट लगाकर चलने के निर्देश दिए और शराब पीकर गाड़ी न चलने का आदेश दिया।



# लबे काफिले के साथ सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए अफजाल खान

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। भीम आर्मी संगठन वाली आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वारा जनपद शामली में आयोजित सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए 50 गाडियों में नानौता ब्लॉक से एकत्रित हुए असपा कार्यकर्ताओ के साथ अपने लम्बे काफिले को लेकर शामली पहुंचे असपा नेता चेयरमैन अफजाल खान। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता का ध्यान अपनी और खींचे के लिए भीम आर्मी संगठन वाली आजाद समाज पार्टी (काशीराम) राष्ट्रिय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद प्रदेश के बड़े बड़े शहरौं में सत्ता परिवर्तन यात्रा निकाल रहे है, शनिवार को दोपहर दो बजे उन्होंने जनपद शामली में सत्ता परिवर्तन यात्रा निकाल एक जनसभा को सम्भोदित किया जिसमे उन्होंने भाजपा सरकार को जमकर कोशा, चन्द्रशेखर आजाद ने अपने भाषण में मुस्लिम दलित गठजोड़ की बात को प्रमुखता देते हुए भाजपा सरकार में मुस्लिम व दलित समाज पर हो रहे अत्याचार पर जमकर भडास निकाली। इससे पहले सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए अफजाल खान ने बसपा को डूबता हुआ जहाज बताया। कहा कि दलित समाज का सारा वोट आज असपा के साथ है जो लोग मुर्दा को जिन्दा करने का ख्वाब देख रहे है उन्हें चाहिए समय रहते असपा के साथ खड़े हो और भाजपा को हराने का काम करें। पिछले 12 सालो से बसपा नेता भाजपा के मिलकर काम कर रहे है और असपा दलित मुस्लिम समाज की लड़ाई पूरे देश में लड़ रही है।



# वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुंदर पाडेय का निधन, शोक की लहर

## - निष्पक्ष पत्रकारिता की आवाज हुई खामोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। स्थानीय प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार एवं हिन्दी दैनिक अखबार से जुड़े मृदुभाषी, सरल एवं सम्मानित व्यक्तित्व के धनी श्यामसुंदर पांडेय का शनिवार को वाराणसी स्थित हेरिटेज अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकारिता जगत, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में गहरा दुःख व्याप्त है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल इलाज के लिए वाराणसी के हेरिटेज अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की खबर मिलते ही परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। मूल रूप से क्षेत्र के इसीपुर गांव निवासी श्यामसुंदर पांडेय अपने पिता स्वर्गीय लक्ष्मण पांडेय के चार पुत्रों में सबसे बड़े थे। लगभग 68 वर्षीय पांडेय लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे। उन्होंने अपनी निष्पक्ष लेखनी, सरल स्वभाव एवं सामाजिक सरोकारों के कारण लोगों के दिलों में विशेष पहचान बनाई थी। समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने वाले ऐसे सजग पत्रकार का यूं अचानक चले जाना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। शनिवार की शाम जैसे ही उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव इसीपुर पहुंचा, गांव में मातम पसर गया। अंतिम दर्शन के लिए शुभचिंतकों, पत्रकारों एवं सगे–संबंधियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रोती–बिलखती पत्नी, बच्चों एवं परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे लोगों की आंखें भी नम हो उठीं। हर कोई उनके सहज व्यवहार, मधुर वाणी और ईमानदार व्यक्तित्व को याद कर भावुक हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।



# नानपारा में फुटपाथ बना कमाई का जरिया

## - दो सौ रुपए रोज में किराए पर बिक रही सड़क

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नानपारा में अतिक्रमण अब सिर्फ अव्यवस्था नहीं, बल्कि खुलेआम चल रहा अवैध कारोबार बन चुका है। भीषण गर्मी में शहर की प्रमुख सड़कों पर हालात बेकाबू हैं। गोयल तिराहा से मिहींपुरवा रोड, इमामगंज चौराहा से गल्ला मंडी और गोयल तिराहा से स्टेशन मार्ग पर रोजाना घंटों लंबा जाम लग रहा है। 45 डिग्री तापमान में आम जनता पसीने से तर होकर जाम में फंसने को मजबूर है। शहर के फुटपाथों से पैदल चलने की जगह पूरी तरह गायब हो चुकी है। दुकानदारों ने फुटपाथ पर अपना सामान फैला रखा है। वहीं बची–खुची जगह ठेले वालों को 100 से 200 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर दे दी जा रही है। नतीजा यह कि पैदल चलने वाले लोग सड़क पर उतरने को मजबूर हैं, जहां हर वक्त हादसे का खतरा बना रहता है। गर्मी और जाम में आम लोग त्रस्त स्कूल, अस्पताल, तहसील और रेलवे स्टेशन जाने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। जाम के कारण एम्बुलेंस को रास्ता नहीं मिल पाता और स्कूली बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचना मुश्किल हो गया है। स्टेशन रोड के व्यापारी सुरेश गुप्ता का कहना है कि ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पाता। फुटपाथ पर चलो तो दुकानदार झगड़ते हैं, सड़क पर चलो तो वाहन से टक्कर का डर बना रहता है, उन्होंने कहा। अतिक्रमण हटाओ अभियान बना औपचारिकता स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका की कार्रवाई महज दिखावे तक सीमित है। कभी–कभार टीम आती है, कुछ दुकानों का चालान काटती है, फोटो खिंचवाती है और चली जाती है। अगले ही दिन फिर वही अतिक्रमण शुरू हो जाता है। नाम न छापने की शर्त पर एक ठेले वाले ने बताया कि दुकान के सामने खड़े होने के लिए रोजाना 200 रुपये देने पड़ते हैं। दुकानदार कहता है कि ऊपर तक पैसा जाता है, ठेले वाले ने आरोप लगाया। ईओ का आश्वासन, जनता को इंतजार नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार 8 जून को नगर में सफाई अभियान चलाया जाएगा। हालांकि जनता का सवाल है कि क्या सिर्फ सफाई से अतिक्रमण की समस्या खत्म हो जाएगी? लोगों की मांग है कि फुटपाथ को स्थायी रूप से अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए ठोस और दीर्घकालिक योजना बनाई जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

# डीएम-एसपी ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। आरक्षी भर्ती परीक्षा–2025 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद में प्रशासन एवं पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा आगामी 08, 09 एवं 10 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के . ष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का संयुक्त रूप से भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा डीएवी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं मुकुंद लाल राजकीय इंटर कॉलेज सहित अन्य नामित परीक्षा केन्द्रों का गहनता से अवलोकन किया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश हेतु बनाए गए गेट प्लान, बैरिकेडिंग व्यवस्था, अभ्यर्थियों की चरणबद्ध एंट्री एवं भीड़ नियंत्रण के उपायों का बारीकी से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था तथा संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग व्यवस्था.जैसे मेटल डिटेक्टर, हैंड–हेल्ड स्कैनिंग एवं संदिग्ध वस्तुओं पर रोक.को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, छाया व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का भी सूक्ष्म निरीक्षण किया गया, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ड्यूटी में तैनात पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट्स को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता, अव्यवस्था अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से कठोर एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीएम एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो सके। जिला प्रशासन पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराने हेतु प्रतिबद्ध है।



# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरतार

## - सैफई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी की मोटरसाइकिलें, चेसिस, हथियार और उपकरण बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत थाना सैफई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सैफई पुलिस ने एक अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरतार किया है। आरोपियों के कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी की पांच मोटरसाइकिलें, नौ मोटरसाइकिलों की चेसिस, एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो अवैध चाकू तथा मोटरसाइकिल काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना सैफई पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार, 05/06 जून की रात्रि में थाना सैफई पुलिस टीम रुकैया नहर पुल के पास संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि दो चोरी की मोटरसाइकिलों पर सवार दो व्यक्ति अवैध असलहों के साथ ग्राम कुर्रा की ओर से हवाई पट्टी की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो मोटरसाइकिलों पर सवार अमन मंसूरी पुत्र राजू खान निवासी कस्बा कुर्रा थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी तथा सुग्रीव पुत्र राकेश निवासी रतीभानपुर थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी को गिरतार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस एवं एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ मिलकर पीजीआई सैफई, आसपास के क्षेत्रों तथा अन्य जनपदों से मोटरसाइकिल चोरी करते हैं। चोरी की गई मोटरसाइकिलों के इंजन, चेसिस एवं अन्य महत्वपूर्ण पुर्जों को बदलकर बेच देते हैं तथा शेष सामान कबाड़ में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने नगला चौनसुख के जंगल क्षेत्र में छापेमारी कर जुनैद पुत्र इब्राहिम निवासी कुदरकोट थाना कुदरकोट जनपद औरैया तथा प्रमोद कुमार उर्फ पप्पू पुत्र महावीर सिंह निवासी मड़ेखड़ा थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी को गिरतार किया। उनके कब्जे से चोरी की अन्य मोटरसाइकिलें, कटी हुई चेसिस, पेट्रोल टंकियां, साइलेंसर तथा मोटरसाइकिल काटने के उपकरण बरामद किए गए। इस संबंध में थाना सैफई पर मुकदमा अपराध संख्या 117/2026 धारा 303(2), 317(2), 318(4), 336(3), 338, 340 भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 3/4/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजी.त किया गया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी प्रभारी निरीक्षक थाना सैफई, उपनिरीक्षक स्वदेश कुमार, उपनिरीक्षक संजय कुमार दुबे, मुख्य आरक्षी मानवेन्द्र, आरक्षी अनुराग कुमार, आरक्षी रोहित तोमर, आरक्षी संदीप चौधरी, आरक्षी महेश कुंतल, आरक्षी परविन्द्र कुमार तथा आरक्षी सुशील कुमार शामिल रहे।



# मां काली के प्राचीन स्थान पर हुआ श्रीसुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। क्षेत्र के पूरे शुक्लन गांव स्थित मां आदिशक्ति मां काली के प्राचीन एवं आस्था के केंद्र स्थल पर धार्मिक आयोजन के तहत श्री सुंदरकांड पाठ एवं भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं, ग्रामीणों एवं राहगीरों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा मां काली का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। कार्यक्रम के दौरान आयोजक अरविंद शुक्ला एवं आयुष शुक्ला ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मां काली के प्राचीन स्थान से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं, इतिहास एवं पौराणिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह स्थान क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का केंद्र है, जहां वर्षों से श्रद्धापूर्वक पूजा–अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होता चला आ रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पं. राम उजेरे शुक्ल, पत्रकार सुशील मिश्रा, युवा पत्रकार दीपक पाठक, पत्रकार दिनेश तिवारी, अमन शुक्ला, प्रियांशु शुक्ला, त्रिभुवन यादव, रामजी तिवारी (भूटाली) सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजन की व्यवस्थाओं एवं धार्मिक माहौल की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।



# सीडीओ ने तहसील मधुबन के बस स्टेशन पुनर्निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## - कार्यों में कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मधुबन। मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव द्वारा तहसील मधुबन स्थित बस स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में प्रयोग टाइल्स व ग्रेनाइट तथा लाइट व स्विच बोर्ड नहीं लगे होने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा निर्माण कार्य में कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित कार्यदायी संस्था को कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने हेतु सख्त हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों में पाई गई कमियों को तत्काल दूर करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे आम जनता को इसका लाभ समय से प्राप्त हो सके।

# सेना के उच्च सम्मान से नवाजे गए सूबेदार मेजर रघुराज सिंह

## - पूर्व सैनिकों व वीर नारियों के हित में उत्कृष्ट कार्यों पर मिला वेटरन्स अचीवर्स अवॉर्ड

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय सेना में तीन दशक तक उत्.ष्ट सेवाएं देने तथा सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले सूबेदार मेजर राघुराज सिंह को सेना के सर्वोच्च सेवा सम्मानों में शामिल वेटरन्स अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा कमांड मुख्यालय लखनऊ में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। सूबेदार मेजर राघुराज सिंह वर्ष 1985 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और वर्ष 2015 में सेवानिवृत्त हुए। अपने 30 वर्षों के सैन्य जीवन में उन्होंने ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन रक्षक, ऑपरेशन विजय, कारगिल युद्ध तथा ऑपरेशन पराक्रम जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्रों से लेकर सियाचिन ग्लेशियर, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश जैसे दुर्गम एवं चुनौतीपूर्ण इलाकों में कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश सेवा की। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने समाज और सैनिक समुदाय की सेवा का कार्य जारी रखा। वर्ष 2017 में भारतीय पूर्व सैनिक लीग ने उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद उन्होंने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा असहाय सैनिक परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य किया। उनकी सक्रियता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए भारतीय पूर्व सैनिक लीग के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें उत्तर प्रदेश का जनरल सेक्रेटरी नियुक्त किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थाओं के सहयोग से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों को रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बताया जाता है कि उनके प्रयासों से लगभग एक हजार पूर्व सैनिकों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए भारतीय सेना ने उन्हें 'वेटरन्स अचीवर्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया है। इस उपलब्धि पर पूर्व सैनिकों, सामाजिक संगठनों तथा जनपदवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



# पत्नी पर जेवरात व नकदी लेकर लापता होने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। एक युवक ने अपनी पत्नी पर आठ माह के मासूम बच्चे को घर में छोड़कर जेवरात और नकदी लेकर अचानक लापता होने का आरोप लगाया है। पीड़ित पति ने कोतवाली में तहरीर देकर पत्नी की तलाश और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। डलमऊ क्षेत्र के महुआहार निवासी सुनील कुमार के अनुसार वह दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। उसकी पत्नी बबिता कुमारी बिहार जिले की रहने वाली है। दोनों की लंबे समय से जान–पहचान थी और करीब चार वर्ष पूर्व रायबरेली के एक मंदिर में हिंदू रीति–रिवाज से विवाह किया था। विवाह के बाद दोनों पति–पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे और उनका एक आठ माह का पुत्र भी है। सुनील का आरोप है कि 4 जून को उसकी पत्नी बच्चे को घर में सुलाकर बिना किसी को बताए कहीं चली गई। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित का कहना है कि पत्नी घर में रखे सोने–चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई है, जिनमें उसकी मां द्वारा बनवाए गए आभूषण भी शामिल हैं। इसके अलावा बैंक खाते और ऑनलाइन माध्यमों से धनराशि निकाले जाने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के बाद परिवार में चिंता और मायूसी का माहौल है। परिजनों का कहना है कि सबसे बड़ी चिंता आठ माह के मासूम बच्चे की देखभाल को लेकर है, जो अचानक मां के साये से दूर हो गया है। पीड़ित पति ने डलमऊ कोतवाली में लिखित शिकायत देकर पत्नी की खोजबीन कराने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है ।

# बजरंग दल जिला संयोजक की संदिग्ध मौत, जंगल में मिला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

हल्दौर, बिजनौर। बजरंग दल के जिला संयोजक शिवम वर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। उनका शव सहारनपुर के माता शाकुंभरी क्षेत्र स्थित जंगल में पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार शिवम वर्मा अपनी मां के साथ देहरादून में रिश्तेदारी में गए हुए थे। बताया गया कि रात के समय उनके मोबाइल पर किसी का फोन आया था, जिसके बाद वह बिना किसी को बताए घर से निकल गए। अगले दिन सुबह उनके कमरे में न मिलने और मोबाइल बंद आने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान सहारनपुर पुलिस को जंगल में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। पहचान होने पर मृतक की शिनाख्त शिवम वर्मा के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिवार के लोग और संगठन से जुड़े कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। शिवम वर्मा अपने परिवार के इकलौते पुत्र थे। उनके पिता का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो चुका था, जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। घटना से परिजन गहरे सदमे में हैं, जबकि नगर के सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने भी दुख व्यक्त किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मौत के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# साइबर ठगों का नया कारनामा, जिला पंचायत अध्यक्ष के नाम पर मांगी धनराशि

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिले में साइबर अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामले में साइबर ठगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह के व्हाट्सएप अकाउंट का दुरुपयोग कर उनके परिचितों से रुपये ऐंठने का प्रयास किया। घटना की जानकारी सामने आने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष के नाम और नंबर से कई लोगों को व्हाट्सएप संदेश भेजे गए। संदेशों में पहले सामान्य बातचीत की गई, इसके बाद तत्काल धन की आवश्यकता बताकर रुपये ट्रांसफर करने का अनुरोध किया गया। कई लोगों से अलग–अलग रकम की मांग की गई। जब कुछ परिचितों ने मामले की पुष्टि के लिए फोन मिलाया तो मोबाइल संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद संदेह होने पर लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के सहयोगियों से संपर्क किया। जांच करने पर पता चला कि उनका व्हाट्सएप अकाउंट साइबर ठगों के कब्जे में चला गया है। मामले की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष ने सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक सूचना जारी कर लोगों से किसी भी प्रकार की धनराशि न भेजने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके नाम से भेजे जा रहे संदेश फर्जी हैं और साइबर ठगों की करतूत हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद संबंधित एजेंसियां मामले की जांच में जुट गई हैं। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति के नाम से आए धन मांगने वाले संदेशों पर बिना पुष्टि किए भरोसा न करें और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद, 26 शिकायतें निस्तारित

## – शेष शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई के अधिकारियों ने दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को तहसील सदर सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई कर लोगों की शिकायतें



सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 216 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 26 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य केवल शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि पीड़ितों को वास्तविक राहत दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर पारदर्शी तरीके से कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सदर, मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, जिला .षि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परशुराम सेवा समिति की बैठक आज

न्यूज वाणी ब्यूरो/ इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ. प्र. (रजि.) की एक आवश्यक बैठक कल (आज) प्रातः 10 बजे से पालीवाल चौक इकदिल में होगी। समिति के नगर अध्यक्ष गोपाल मिश्रा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट करेंगे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय की जाएगी एवं मेधावी सम्मान समारोह की तैयारियों आदि पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। इसके साथ ही परशुराम सेवा समिति इकदिल की नगर कार्यकारिणी की घोषणा की जायेगी स उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।







# विज्ञान युग में सनातन दैवीय संस्कृति होती जा रही विलुप्त

## - ब्रह्माकुमारी ओम शांति भवन में दो दिवसीय आध्यात्मिक समर कैंप आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बच्चों के शारीरिक, मानसिक, नैतिक व आध्यात्मिक विकास को ध्यान में रखते हुए ब्रह्माकुमारी ओम शांति भवन ज्वालागंज में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पांच से पंद्रह वर्ष तक के बच्चों ने उत्साह से भागीदारी निभाई।

कुमारी बहनों ने तिलक मुकुट व मालाओं से बच्चों का स्वागत किया। केन्द्र प्रभारी नीरा दीदी ने बताया कि आज का वर्तमान समय विज्ञान का युग है। जिसमें बच्चे एआई आधारित होते जा रहे हैं। जिससे भारत की आध्यात्मिक व मूल्यनिष्ठ सनातन दैवीय संस्कृति कहीं विलुप्त होती जा रही है। आज हम सभी बच्चों के शारीरिक विकास के लिए जिम आसन आदि कराते हैं। मानसिक विकास के लिए कम्प्यूटर आदि का प्रयोग करते हैं। सामाजिक दृष्टिकोण से समाज के प्रत्येक कार्यों को आगे रखने की शिक्षा देते हैं लेकिन इन सभी आवश्यक जरूरतों के साथ–साथ एक कोना अभी भी खाली जा रहा है। वह नैतिक एवं चारित्रिक जीवन जीने की कला सीखना है। भारत को फिर से देवभूमि बनाने में आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षा की परम आवश्यकता है। समर कैंप में बच्चों ने जुम्बा, डांस, योगा, नैकि शिक्षा की क्लास, आर्ट, मोनो एक्टिंग, फैंसी ड्रेस डांस,



खेल–खेल में मूल्यनिष्ठ जीवन जीने की शिक्षा, रंगोली, स्टोरीराइटिंग, राष्ट्र प्रेम के गीत, पजल गेम आदि के साथ–साथ पिकनिक का आनंद उठाया। बच्चों को ईश्वरीय सौगात देने के साथ कुछ नैतिक मूल्य धारण करने की प्रतिज्ञा भी कराई गई। कार्यक्रम में बीके प्रियंका बहन, संगीता बहन, दिनेश भाई, चन्द्रपाल भाई, नागेन्द्र भाई ने कार्यभार संभाला।

# सभी सीटें जीतकर पीडीए सरकार बनाने में निभाएं भूमिका : नरेश

## - मतदाता सूची की खामियां दूर करने में जुटी सपा, 2027 की जीत का खाका तैयार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित मासिक बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की रणनीति पर व्यापक मंथन किया गया। बैठक में एसआईआर अभियान के बाद प्राप्त मतदाता सूची का गहन अध्ययन कर त्रुटियों को चिन्हित करने व उनके निराकरण के लिए सेक्टर स्तरीय कमेटियों के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक के मुख्य अतिथि सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिले ने एसआईआर अभियान में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर संगठन की सक्रियता और मजबूती का परिचय दिया है। अब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। मतदाता सूची को पूरी तरह सही और पारदर्शी बनाने के लिए बूथ स्तर तक अभियान चलाया जाए ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए। कार्यकर्ताओं की मेहनत व संगठन की एकजुटता के बल पर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए सरकार बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी छह विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से पूरी ताकत के साथ जुटना होगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह व संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और उसकी शुद्धता सुनिश्चित करना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने बूथ एवं सेक्टर स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष दयालु गुप्ता के युवा पुत्र के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। तत्पष्चात पार्टी नेतृत्व द्वारा रामपाल पाल को जिला सचिव मनोनीत कर सम्मानित किया गया। बैठक में पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल, विधायक ऊषा मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव, संतोष द्विवेदी, दलजीत निषाद, विपिन सिंह यादव, गणेश वर्मा, रीता प्रजापति, डॉ. अफसर अली, जगदीश सिंह, महेंद्र बहादुर सिंह, रामतीरथ परमहंस, अरुणेश पांडेय, सुहैल खान हेमू, संगीता पासवान, डॉ. अमित पाल, मोइन खान, शिव सिंह यादव, केपी यादव, अय्यूब खान, नयन सिंह यादव, संदीप सिंह चौहान, हार्दिक पटेल, अभय सिंह पटेल भी मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर में आग लगने से मचा हड़कंप, धमाके में बुजुर्ग झुलसा

## - 25 हजार की नकदी समेत गृहस्थी का सामान राख

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के इजुरा खुर्द गांव में शनिवार को गैस सिलेंडर में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में आग भड़क उठी और कुछ ही देर में हुए तेज धमाके से पूरे गांव में अफरा–तफरी मच गई। हादसे में 80 वर्षीय बुजुर्ग इंद्रपाल गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के अनुसार इंद्रपाल के घर में भोजन तैयार किया जा रहा था। इसी दौरान गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर के भीतर रखा सामान उसकी चपेट में आ गया। आग के बीच हुए जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी की इस घटना में घर में रखी करीब 25 हजार रुपये की नकदी, अनाज, कपड़े तथा अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के प्रयास में इंद्रपाल झुलस गए। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही सुल्तानपुर घोष पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। वहीं राजस्व विभाग को भी मामले से अवगत कराया गया है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि आगजनी से हुए नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल माफियाओं पर रहेगा प्रशासन का पहरा

## - डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण
## - पारदर्शी व शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए कसे इंतजाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं



समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। आगामी 8, 9 एवं 10 जून को आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने राजकीय पॉलीटेक्निक परीक्षा केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वारों, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, कंट्रोल रूम, परीक्षा कक्षों तथा अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भर्ती परीक्षा की शुचिता और विष्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा केंद्रों पर निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान केंद्र परिसर एवं उसके आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों को परीक्षा अवधि के दौरान लगातार सतर्क रहने और प्रभावी निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की गुणवत्ता और उनकी कार्यशीलता की भी जांच की गई। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर तैनात कार्मिकों को पूरी जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही नकल माफियाओं एवं परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखने की बात कही। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त सक्रियता से यह स्पष्ट हो गया है कि पुलिस भर्ती परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा के बीच संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की जा चुकी हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सीमा पर चला संयुक्तअभियान, 25 ग्राम स्मैक सहित एक तस्कर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। 59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के कुशल निर्देशन में भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र में नशा तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सशस्त्र सीमा बल एवं थाना मोतीपुर की संयुक्त टीम ने 25 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरतार किया।

प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी लौकाही एवं थाना मोतीपुर पुलिस द्वारा संयुक्त गश्त की जा रही थी। लगभग 1655 बजे अचकवा–बालाईगांव मार्ग पर भारत–नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 667/1 के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति को आते हुए देखा गया, जिसका व्यवहार असामान्य एवं घबराया हुआ प्रतीत हुआ। पूर्व प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने उसे रोककर पूछताछ की तथा विधिसम्मत तलाशी ली। तलाशी के दौरान उक्त व्यक्ति के कब्जे से लगभग 25 ग्राम स्मैक एवं एक मोबाइल लावा फोन बरामद किया गया। गिरतार व्यक्ति की पहचान मणिराम थापा 23 वर्ष पुत्र तुले थापा निवासी ग्राम बैजनाथ वार्ड संख्या–02 जिला बांके नेपाल के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वर्तमान में देहरादून, उत्तराखंड में मजदूरी का कार्य करता है तथा बालाईगांव क्षेत्र से किसी अज्ञात व्यक्ति से स्मैक खरीदकर लाया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि बरामद मादक पदार्थ का कुछ भाग उसके स्वयं के उपभोग हेतु था तथा कुछ मात्रा वह देहरादून निवासी एक व्यक्ति को देने वाला था। बरामद मादक पदार्थ की पुष्टि एसएसबी के प्रशिक्षित एनडी डॉग मिचू द्वारा भी की गई। मादक पदार्थ की बरामदगी एवं अवैध परिवहन को देखते हुए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 8/21 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। गिरतार आरोपी, बरामद स्मैक एवं अन्य जब्त सामग्री को अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु थाना मोतीपुर को सुपुर्द कर दिया गया है। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भारत–नेपाल सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने एवं सीमा क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सतत एवं प्रभावी कार्रवाई कर रही है। सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोकने के लिए एसएसबी एवं स्थानीय पुलिस का समन्वित प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# दबंगों ने रास्ता बंद कर बनाया निर्माण, पीड़िता ने लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो



रायबरेली। जनपद के ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के ग्राम फुलबाग मजरे सवैया हसन में एक महिला ने अपने घर आने–जाने के रास्ते को अवरुद्ध किए जाने की शिकायत तहसील समाधान दिवस में की है। पीड़िता सोमा देवी पत्नी कामता प्रसाद ने दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों ने ग्राम सभा की बंजर भूमि पर निर्माण कर उनके घर तक जाने वाले पुराने रास्ते को दीवार बनाकर बंद कर दिया है। पीड़िता का कहना है कि वह लगभग 50 वर्षों से उसी रास्ते का उपयोग करती आ रही हैं, लेकिन हाल ही में रास्ते पर अवैध निर्माण कर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया गया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर विपक्षी पक्ष द्वारा फौजदारी करने की धमकी दी जाती है। प्रार्थना पत्र में ग्राम प्रधान पर भी विपक्षियों का सहयोग करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने तहसील समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए प्रशासन से मांग की है कि ग्राम सभा की भूमि पर बनाए गए अवरोध को तत्काल हटवाकर उनके घर आने–जाने का रास्ता बहाल कराया जाए।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

**गाड़ी संख्याः 04169/04170 सूबेदारगंज-इन्दौर विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो बार)**

| गाड़ी सं. 04169 सूबेदारगंज-इन्दौर | | | गाड़ी सं. 04170 इन्दौर-सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ------- | 05:00 | सूबेदारगंज | 20:00 | ------- |
| 06:28 | 06:30 | फतेहपुर | 18:20 | 18:22 |
| 08:20 | 08:25 | गोविन्दपुरी | 17:25 | 17:30 |
| 10:43 | 10:45 | इटावा | 15:45 | 15:47 |
| 11:30 | 11:35 | भिण्ड | 15:20 | 15:25 |
| 12:05 | 12:07 | सोनी | 14:40 | 14:42 |
| 14:55 | 15:00 | ग्वालियर | 13:20 | 13:25 |
| 16:30 | 16:32 | शिवपुरी | 10:18 | 10:20 |
| 04:55 | ------ | इन्दौर | -------- | 20:30 |

**अन्य ठहराव :** गुना, रूठियाई, मक्सी, उज्जैन, फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज स्टेशनों पर भी रूकेगी।

**सूबेदारगंज से :** गाड़ी संख्या 04169, प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार, दिनांक - 15.06.2026 से 28.09.2026 तक, **इन्दौर से :** गाड़ी संख्या 04170, प्रत्येक शनिवार और मंगलवार, दिनांक - 16.06.2026 से 29.09.2026 तक।

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणीः 08, स्लीपर श्रेणीः 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणीः 01

**गाड़ी संख्याः 04105/04106 प्रयागराज-उधना विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो बार)**

| गाड़ी सं. 04105 प्रयागराज-उधना | | | गाड़ी सं. 04106 उधना-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ------- | 19:00 | प्रयागराज | 05:10 | ------ |
| 20:58 | 21:00 | फतेहपुर | 00:58 | 01:00 |
| 22:25 | 22:30 | गोविन्दपुरी | 23:40 | 23:45 |
| 01:00 | 01:02 | इटावा | 21:03 | 21:05 |
| 01:40 | 01:42 | भिण्ड | 19:00 | 19:05 |
| 04:30 | 04:35 | ग्वालियर | 17:15 | 17:20 |
| 20:50 | ------- | उधना | ------- | 23:25 |

**अन्य ठहराव :** गुना, रूठियाई, मक्सी, उज्जैन, नागदा, रतलाम, गोधरा, छायापुरी, भरूच स्टेशनों पर भी रूकेगी।

**प्रयागराज से :** गाड़ी संख्या 04105, प्रत्येक गुरूवार और रविवार, दिनांक - 11.06.2026 से 30.07.2026 तक, **उधना से :** गाड़ी संख्या 04106, प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार, दिनांक - 12.06.2026 से 31.07.2026 तक।

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणीः 08, स्लीपर श्रेणीः 09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणीः 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणीः 01

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 1293/26(DG)

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के आकूपुर गांव निवासी किशनपाल का 30 वर्षीय पुत्र महेन्द्र शुक्रवार की शाम बाइक से किसी काम से जा रहा था। तभी बिलंदा के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। उधर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हड़िया पल्लहा गांव निवासी प्यारेलाल का 45 वर्षीय पुत्र दयाशंकर शुक्रवार की शाम खेत से साइकिल से घर आ रहा था। जब वह गांव के करीब पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी की दी जानकारी

## – व्यापारियों ने रखीं समस्याएं, अधिकारियों ने बताए समाधान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कंछल गुट के तत्वावधान में नगर के नौबस्ता रोड चौराहा स्थित एक होटल में जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर ईष्वर चंद्र शर्मा ने व्यापारियों को जीएसटी से संबंधित विभिन्न नियमों,



प्रक्रियाओं एवं विभागीय सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी अपना मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी विभाग के रिकॉर्ड में अवश्य दर्ज कराएं, ताकि विभाग की ओर से जारी होने वाले दिशा–निर्देश, नोटिस एवं पोर्टल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां सीधे उन्हें प्राप्त हो सकें। उन्होंने व्यापारियों की शंकाओं का समाधान भी किया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने कहा कि पहली बार जीएसटी विभाग द्वारा तहसील स्तर पर इस तरह का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यदि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होते रहें तो व्यापारी अधिक जागरूक होंगे और विभाग से उनका सीधा संवाद स्थापित होगा। वरिष्ठ जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह यादव उर्फ सोनू ने कहा कि व्यापार मंडल भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराएगा, जिससे व्यापारियों को जीएसटी संबंधी नवीन जानकारियां समय–समय पर मिलती रहें। कार्यक्रम के दौरान केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला महामंत्री राजेश सोनी ने किराए की दुकानों में व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण में आने वाली दिक्कतों का मुद्दा उठाया। इस पर असिस्टेंट कमिश्नर ईष्वर चंद्र शर्मा ने बताया कि व्यापारी रेंट एग्रीमेंट अथवा अन्य वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर आसानी से जीएसटी पंजीकरण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने व्यापारियों को 10 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा संबंधी जानकारी भी दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह पटेल, नगर अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय अग्रहरि, वरिष्ठ महामंत्री अतुल साहू, कोषाध्यक्ष परिवेश जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम में खागा तहसील क्षेत्र के बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिकाध्यक्ष से मिला ताजिया कमेटी का प्रतिनिधिमंडल

## – जुलूस वाले मार्गो की साफ–सफाई समेत अन्य व्यवस्थाएं कराने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। संभावित 17 जून से प्रारंभ होने वाले मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की मांग को लेकर शनिवार को ताजिया एवं अलम इंतेजामिया कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल नगर पालिका परिसर पहुंचा। जहां पालिकाध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट को ज्ञापन सौंपकर जुलूस वाले



मार्गों की व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने की मांग की। पालिकाध्यक्ष को दिए गए ज्ञापन के माध्यम से मोहर्रम से पूर्व नगर क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न नागरिक समस्याओं के समाधान की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ताजिया एवं जुलूस मार्गों पर साफ–सफाई, नालियों की सफाई, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को समय रहते दुरुस्त कराया जाए, ताकि मोहर्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पालिकाध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने प्रतिनिधिमंडल को आष्वस्त किया कि मोहर्रम पर्व को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कराई जाएंगी। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष चौधरी मोईन राईन, महासचिव वारिस उद्दीन एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद, उपाध्यक्ष चौधरी अब्दुल सलाम, इंतजामकार फरीद खां, इब्राहिम शाह, लल्लू राईन, नईम भंडारी, सलमान रियाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 750 करोड़ की सीवर परियोजना के भूमि पूजन में फूटा जनप्रतिनिधियों का गुस्सा

## - माइक नहीं, मंच पर अव्यवस्था व गुणवत्ता पर सवाल
## - सपा मानसिकता छोड़िए, नहीं तो ठेकेदारी नहीं कर पाएंगे : साध्वी
## - राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने जेई-ठेकेदार को लगाई फटकार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर तहसील क्षेत्र स्थित मदारीपुर कला गांव में शनिवार को लगभग 750 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित सीवर लाइन परियोजना का भूमि पूजन कार्यक्रम उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब कार्यक्रम की अव्यवस्थाओं को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री .ष्णा पासवान मंच से ही भड़क उठीं। करोड़ों की परियोजना के शुभारंभ कार्यक्रम में माइक और ध्वनि विस्तारक यंत्रों की समुचित व्यवस्था न होने तथा मंच संचालन में खामियों को लेकर दोनों नेताओं ने अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों को जमकर फटकार लगाई। भूमि पूजन के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे लेकिन जैसे ही जनप्रतिनिधियों के संबोधन का समय आया, मंच पर माइक व्यवस्था चरमरा गई। कई बार आवाज लोगों तक नहीं पहुंची, जिससे कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हुआ। करोड़ों रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना के शुभारंभ कार्यक्रम में इस तरह की लापरवाही देखकर दोनों जनप्रतिनिधियों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। साध्वी



निरंजन ज्योति ने मंच से ही संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जब 750 करोड़ रुपये की परियोजना पर काम होना है तो उसकी शुरुआत ही अव्यवस्था और लापरवाही से नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के विकास के लिए बड़ी–बड़ी योजनाएं ला रही है, लेकिन कुछ लोग अपनी कार्यशैली से सरकार की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सपा मानसिकता से काम करना छोड़ दीजिए, नहीं तो ठेकेदारी नहीं कर पाएंगे। राज्यमंत्री .ष्णा पासवान ने भी मंच से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि करोड़ों रुपये की परियोजनाओं में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद जेई और ठेकेदार को फटकार लगाई। राज्यमंत्री यहीं नहीं रुकीं, बल्कि उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे परियोजना के निर्माण कार्य पर लगातार नजर रखें। उन्होंने कहा कि यह जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाली योजना है और इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। यदि कहीं भी गड़बड़ी दिखाई दे तो तत्काल उसकी सूचना दी जाए। मंच से हुई इस फटकार के बाद कार्यक्रम स्थल पर मौजूद अधिकारी और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि असहज नजर आए। बताया जा रहा है कि मदारीपुर कला क्षेत्र में प्रस्तावित यह सीवर लाइन परियोजना शहर और आसपास के क्षेत्रों की सीवरेज व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है लेकिन परियोजना के शुभारंभ समारोह में हुई अव्यवस्था ने विकास कार्यों की निगरानी और कार्यदायी संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष आषीश मिश्रा, अपर्णा सिंह गौतम, कुलदीप भदौरिया, सुधा मौर्या, राम प्रताप सिंह गौतम, राम प्रकाष गुप्ता, सभासद विनय तिवारी, कमलेष योगी, राजेष सिंह जनसेवक सहित तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# बहन के सामने भाई पर टूटा गुंडों का कहर

## - पार्क में बेल्टों से पीटा, चाकू लहराकर मचाया आतंक
## - हिकमत उल्ला पार्क में दिनदहाड़े दबंगई, पुलिस जांच में जुटी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित सिविल लाइन रोड के हिकमत उल्ला पार्क में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई जब करीब 10 से 15 युवकों ने एक युवक को उसकी छोटी बहन के सामने ही घेरकर बेरहमी से पीट दिया। हमलावरों ने बेल्टों से ताबड़तोड़ वार किए, जबकि बीच–बचाव करने पहुंचे लोगों को कथित तौर पर चाकू दिखाकर धमकाया गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पार्क और आसपास के क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार युवक अपनी छोटी बहन के साथ पार्क में मौजूद था। इसी दौरान कई युवक वहां पहुंचे और किसी बात को लेकर उसे घेर लिया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और हमलावर युवक पर बेल्टों से टूट पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावरों ने युवक को जमीन पर गिराकर भी पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान पीड़ित की छोटी बहन अपने भाई को बचाने के लिए चीखती–चिल्लाती रही, लेकिन दबंगों ने उसकी एक नहीं सुनी। बहन की आंखों के सामने भाई की पिटाई होती रही और वह मदद के लिए लोगों से गुहार लगाती रही। यह .श्य देखकर मौके पर मौजूद लोग भी सन्न रह गए। स्थानीय लोगों ने जब युवक को बचाने की कोशिश की तो आरोप है कि हमलावरों ने चाकू निकालकर उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। चाकू लहराए जाने से मौके पर दहशत फैल गई और लोग पीछे हटने को मजबूर हो गए। इसके बाद किसी ने तत्काल डायल–112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल–112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले ही अधिकांश हमलावर फरार हो चुके थे। पुलिस ने घायल युवक से घटना की जानकारी ली और मामले की जांच शुरू कर दी। घायल को उपचार के लिए भेजा गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। दिनदहाड़े सार्वजनिक पार्क में हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस मौके पर नहीं पहुंचती तो मामला और भी गंभीर हो सकता था। फिलहाल पूरे शहर में इस घटना की चर्चा बनी हुई है और लोग आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल व नकलविहीन सम्पन्न कराएं : डीएम

## - 08, 09 व 10 जून को प्रत्येक दिवस दो पालियों में होगी परीक्षा
## - पुलिस भर्ती बोर्ड के गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा केंद्रों में कराएं रिहर्सल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के लिखित परीक्षा के .ष्टिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के सयुंक्त तत्वाधान में महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र प्रभारी, केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, कार्यदाई संस्थाओं के पदाधिकारियो के साथ सम्पन्न हुई। डीएम ने कहा कि पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिखित परीक्षा को सकुशल शुचितापूर्ण ढंग से नकलविहीन पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई जाय। परीक्षा से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया कि भर्ती बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशो का भलीभांति अध्ययन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करते हुए बोर्ड द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा सम्पन्न कराए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने–अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाए जैसे शुद्ध पेय जल, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था, पंखा व सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता आदि को देख लें। उन्होंने संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि जिन परीक्षा केन्द्रों में अभी तक सी0सी0टी0वी0 कैमरे नहीं लगे है, जल्द से जल्द लगवा दे और उनकी क्रियाशीलता की जांच कर ले व अन्य सभी व्यवस्थाये भी पूर्ण कर ले। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती बोर्ड के गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा के पूर्व परीक्षा का रिहर्सल निर्धारित तिथि के अनुसार कर ले, साथ ही सभी व्यवस्थाये दूरस्थ रखे। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापको से कहा कि सभी व्यवस्थाये दी गई गाइडलाइन के अनुसार करा ले। परीक्षा कराने के लिए नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों का परिचय पत्र भर्ती बोर्ड द्वारा जारी किए गए है वही मान्य होंगे, सभी अधिकारी/कर्मचारी परिचय पत्र गले में डाल कर आए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में दी गाइडलाइन के अनुसार अभ्यर्थियों का प्रवेश कराया जाए एवं सघन तलाशी भी कराई। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला कर्मचारी से ही कराई जाय। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा के दिन ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि सभी व्यवस्थाएं संवेदनशीलता के साथ करे ताकि कोई समस्या न आए।



जिला विद्यालय निरीक्षक ने उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिए गए निर्देशो का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 लिखित परीक्षा जनपद मे 08 केंद्रों में दिनांक 08, 09 एवं 10 जून को परीक्षा होगी। प्रत्येक दिवस परीक्षा 02 पालियों में होगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से 05 बजे तक होगी। अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा केन्द्र में परीक्षा शुरू होने के 02 घंटे पूर्व 30 मिनट पहले बंद होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में 02 क्लॉक रुम बनाए जाए जिसमें एक अभ्यर्थियों का समान और दूसरे में परीक्षा सम्पन्न कराने वाले अधिकारी/कर्मचारियों का समान रखा जाएगा। सभी केन्द्रों में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों की भी बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी सदर, खागा, बिन्दकी, अपर उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र प्रभारी, परीक्षा से सम्बन्धित कार्यदाई संस्थाओ के पदाधिकारी, अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दबंगों पर नहीं हो रही कार्रवाई, भटक रही पीड़ित महिला

## – संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के नई बस्ती पश्चिम में पड़ोसी के मकान निर्माण में कुछ देर के लिए हुए जलभराव के कारण उत्पन्न हुए विवाद में दबंगों द्वारा की गई गाली–गलौज में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से आहत पीड़ित महिला न्याय के लिए भटक रही है। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में राधानगर नई बस्ती पश्चिम निवासी सुनीता देवी पत्नी रामनारायन ने बताया कि 31 मई को वह अपने मकान में अकेली थी। पड़ोसी अपने मकान का निर्माण करा रहे हैं। जिसके दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। समस्या को तत्काल ठीक करा दिया। इसके बावजूद पड़ोसी संदीप पाल, लाल ने उसे सार्वजनिक रूप से अपमानित किया और गाली–गलौज की। जिससे मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेंस पहुंची। समाज में छवि धूमिल करने का प्रयास किया। दबंगों के असामाजिक व्यवहार को देखते हुए अपनी सुरक्षा व संपत्ति की सुरक्षा को लेकर आशंका है। उसके साथ किसी अप्रिय घटना हो सकती है। उसने बताया कि थाने में शिकायती पत्र देने के बावजूद पुलिस ने दबंगों पर कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने दबंगों पर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई।

# घायल अधेड़ की उपचार दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम सौंरा में विगत डेढ़ माह पूर्व जंगली जानवर के हमले से घायल 53 वर्षीय अधेड़ की उपचार के दौरान शुक्रवार की देर शाम घर पर ही मौत हो गई। बताते चलें कि सौंरा गांव निवासी रोशन लाल का पुत्र दिनेश पर डेढ़ माह पूर्व खेत में काम करते समय जंगली जानवर ने हमला कर दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे लेकर अस्पताल आए। जहां परिजन कुछ दिन इलाज कराने के बाद घर वापस ले गए। जहां जिंदगी और मौत से संघर्ष करते हुए घर पर ही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# मानसिक तनाव में वृद्ध ने फांसी लगा दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवलान में शनिवार की सुबह शौचक्रिया के लिए गए 65 वर्षीय वृद्ध ने मानसिक तनाव के चलते पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार देवलान गांव निवासी छत्रपाल यादव का पुत्र रामखेलावन पिछले कई सालों से मानसिक तनाव में था। बताते हैं कि आज सुबह वह शौचक्रिया के बहाने गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर पहुंचा और नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई गोरेलाल ने बताया कि उसका भाई कई सालों से मानसिक तनाव में था। इससे पहले भी उसने जान देने का प्रयास किया था।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर में शनिवार की सुबह घरेलू कलह से तंग आकर 35 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर जंगल में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

जानकारी के अनुसार बड़नपुर गांव निवासी संतोष के पुत्र प्रमोद ने शनिवार की सुबह गांव के बाहर जंगल जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद मौके पर ही अचेत हो गया। गांव के कुछ लोग जानवर चराते हुए पहुंचे तो अचेक प्रमोद को देख परिजनों को जानकारी दी। घर वालों ने मौके पर पहुंच सरकारी एंबुलेस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# जोनिहा चौराहे से चोरी बाइक बरामद, चोर गिरफ्तार

## – स्थानीय लोगों की मदद से बिंदकी पुलिस को मिली सफलता

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरतार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार जोनिहा चौराहे पर स्थित एक मिठाई की दुकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को चोर लेकर फरार हो गया था। घटना की सूचना मिलने पर बिंदकी पुलिस सक्रिय हुई और स्थानीय लोगों के सहयोग से आरोपी को चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया। गिरतार आरोपी की पहचान निजामुद्दीन पुत्र सहाबुद्दीन निवासी लहुरी सराय थाना जहानाबाद के रूप में हुई है। गिरतारी और बरामदगी के आधार पर थाना बिंदकी में मुकदमा संख्या 185/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजी.त किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में थाना ललौली और थाना जहानाबाद में भी मुकदमे दर्ज हैं। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की। गिरतारी करने वाली टीम में जोनिहा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सावन कुमार पटेल एवं मुख्य आरक्षी शिवदत्त पाण्डेय शामिल रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )